AMBIKAPUR GG PAPER 16 APRIL 2025_Layout 2 4/16/2025 2:07 PM Page 1

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 163 बुधवार 16 अप्रैल 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### ईडी ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की चार्जशीट




**राहुल-सोनिया और पित्रोदा के नाम, अगली सुनवाई 25 को**


**नई दिल्ली, 15 अप्रैल 2025(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इसमें राहुल-सोनिया के अलावा सैम पित्रोदा और सुमन दुबे का नाम भी शामिल है। मामले में 25 अप्रैल को सुनवाई होगी।

### अमित शाह अंकल ने भी कहा पिताजी ही रहेंगे सीएम फेस:निशांत कुमार




**पटना, 15 अप्रैल 2025(ए)।** बिहार चुनाव को लेकर आज दिल्ली में मंथन हुआ। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव आज दिल्ली पहुंचे और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी समेत कई नेताओं से बातचीत हुई। इस दौरान महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा, इस पर भी मंथन हुआ। इधर पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत ने भी पिता के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की अपील कर डाली। सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत ने मीडिया से बात करते हुए कहा, पिताजी के नेतृत्व में चुनाव लड़ें और हमारी सरकार बनाएं। अमित शाह अंकल बिहार आए उन्होंने भी कहा कि पिताजी ही सीएम फेस रहेंगे।

### शरबत जिहाद पर बवाल...दिग्विजय सिंह बाबा रामदेव पर भड़के,पहुंचे थाने



**भोपाल, 15 अप्रैल 2025(ए)।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने अल्पसंख्यक समुदाय,खासकर मुसलमानों के खिलाफ साजिशन माहौल बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से एक सुनियोजित पैटर्न के तहत जुलूस निकाले जा रहे हैं और मस्जिदों के सामने जानबूझकर तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है। सिंह ने दावा किया कि गुना में भी ऐसी ही घटना देखने को मिली। इसके अलावा कांग्रेस नेता ने योग गुरु बाबा रामदेव पर भी निशाना साधा।

# मुर्शिदाबाद हिंसा में बांग्लादेशी उपद्रवियों का हाथ

- मदद करने वाले लोकल टीएमसी लीडर कौन?
- मुर्शिदाबाद हिंसा में बांग्लादेशी बदमाशों के शामिल होने के मिले संकेत...
- बीएसएफ की 9 कंपनियां मुर्शिदाबाद में तैनात,स्थिति पर नजर...
- हिंसा के चलते कई हिंदू परिवार विस्थापित, सांप्रदायिक तनाव बढ़ा...



**नई दिल्ली, 15 अप्रैल 2025(ए)।** गृह मंत्रालय के सूत्रों की ओर से मंगलवार को बताया गया है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा की शुरुआती जांच में बांग्लादेशी बदमाशों के शामिल होने के संकेत मिले हैं। प्रारंभिक जांच से यह भी पता चला है कि बदमाशों को शुरू में स्थानीय नेताओं से मदद मिली होगी, लेकिन बाद में वे बेकाबू हो गए। इस बीच, गृह मंत्रालय पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और अन्य संवेदनशील जिलों में गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहा है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने शनिवार को राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से बात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने राज्य प्रशासन को अन्य संवेदनशील जिलों पर कड़ी नजर रखने और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की सलाह दी।

**मुर्शिदाबाद में बीएसएफ की 9 कंपनियां**

हिंसा की वारदातों को लेकर केंद्रीय गृह सचिव लगातार पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के संपर्क में हैं। गृह मंत्रालय ने मुर्शिदाबाद में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की लगभग नौ कंपनियां को भी तैनात किया है। इन नौ कंपनियों में से 300 बीएसएफ कर्मी स्थानीय रूप से उपलब्ध हैं, साथ ही राज्य सरकार के अनुरोध पर अतिरिक्त कंपनियां भी तैनात की गई हैं।

इससे पहले, पश्चिम बंगाल के डीजीपी ने जानकारी दी कि मुर्शिदाबाद में स्थिति तनावपूर्ण है, लेकिन नियंत्रण में है और इस पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। डीजीपी ने आगे कहा कि वे स्थानीय रूप से तैनात बीएसएफ की सहायता ले रहे हैं और 150 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**मुर्शिदाबाद से कई जिलों में फैली हिंसा**

मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान पिछले सप्ताह हिंसा भड़क उठी थी। विरोध प्रदर्शन मालदा, मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में फैल गया, जिससे आगजनी और पथराव किए गए और सड़कों बवाल किया गया। अधिकारियों ने कहा कि हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, हालांकि किसी नई घटना की सूचना नहीं है। सबसे ज्यादा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में निषेधाज्ञा लगा दी गई है और इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं,जहां हिंसा हुई थी। शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि इन वारदातों में बांग्लादेशी उपद्रवी शामिल थे, जिन्हें कथित तौर पर सत्ताधारी टीएमसी के लोकल नेताओं का साथ मिला। लेकिन, बाद में वे खुद ही नियंत्रण से बाहर हो गए।

बंगाल हिंसा के कारण कई हिंदू परिवार विस्थापित हो गए हैं, जिनमें से कई लोग मालदा भागने को मजबूर हो गए, जिससे नए सिरे से घुसपैठ और सांप्रदायिक अशांति का डर बढ़ गया। केंद्र ने राज्य सरकार से जान-माल की रक्षा करने में विफलता, रेलवे संपत्तियों पर हमले और हिंसा के शुरुआती चरणों के दौरान पुलिस की निष्क्रियता के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है।

### राज्यों को मिलेंगे केंद्रीय बल

अगर राज्यों से मांग की जाती है, तो उन्हें बिना किसी देरी के केंद्रीय बल मुहैया कराए जाएंगे, ताकि ऐसी सांप्रदायिक हिंसा को रोका जा सके। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि मुर्शिदाबाद में भी, पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार ने हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और अदालत के निर्देश पर पर्याप्त केंद्रीय बलों की तैनाती की गई, जिससे सांप्रदायिक झड़पों पर लगाम लगी। अधिकारी ने कहा कि कोई नई हिंसा नहीं हुई है।

# तमिलनाडु के गवर्नर ने पूर्व मंत्री पर केस चलाने की दी मंजूरी


- बीजेपी-एआईए डीएमके के साथ आते ही बड़ा झटका
- तमिलनाडु के राज्यपाल ने बालाजी पर मुकदमा चलाने की अनुमति दी
- पूर्व मंत्री पर नौकरी देने के बदले तीन करोड़ रुपये लेने का आरोप
- सुप्रीम कोर्ट ने इस केस में राज्यपाल को तेजी से फैसला लेने को कहा था



**नई दिल्ली, 15 अप्रैल 2025(ए)।** तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है कि प्रदेश के राज्यपाल ने एआईएडीएमके सरकार के पूर्व मंत्री केटी राजेंद्र बालाजी पर मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। बालाजी पर आरोप है कि उन्होंने आवीन में कथित रूप से नौकरी देने के बदले पैसे लिए थे। आवीन तमिलनाडु की एक डेयरी कंपनी है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच को तमिलनाडु सरकार ने बताया कि प्रदेश के राज्यपाल ने केटी राजेंद्र बालाजी पर मुकदमा चलाने की इजाजत दी है। अभी तक जांच करने वाली टीम ने बालाजी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं की है।

**17 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने दी थी राहत**

द न्यू इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को तमिलनाडु सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच को गवर्नर से बालाजी के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति के बारे में बताया गया है। 17 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने बालाजी को थोड़ी राहत दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें बालाजी के खिलाफ सीबीआई जांच करने को कहा गया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि बालाजी ने नौकरी के बदले पैसे लिए हैं, इसलिए सीबीआई जांच होनी चाहिए।



### 2,850 करोड़ के पीएसीएल घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

**जयपुर, 15 अप्रैल 2025(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय ने 2,850 करोड़ रुपये के पीएसीएल घोटाले में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के निवास पर छापा मारा। इस मामले में ईडी कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास की भूमिका की जांच में जुटी है। पीएसीएल ने देशभर में लगभग 5.85 करोड़ निवेशकों को ठगा था। सेबी ने साल 2014 में कंपनी के खिलाफ एक्शन लिया था। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो 2016 में 1.86 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति की वसूली और निवेशकों को पैसे लौटाने के उद्देश्य से एक समिति बनाई। अब इसी मामले में ईडी ने एक्शन लिया है। उधर, छापेमारी पर कांग्रेस नेता ने कहा कि ईडी यहां तलाशी और छापेमारी करने आई है। मैं उनके साथ सहयोग कर रहा हूं। ईडी अपना काम कर रही है और मैं अपना काम करूंगा। मेरा मानना है कि भाजपा को ईडी का इस्तेमाल करके राजनीति नहीं करना चाहिए। प्रताप सिंह खाचरियावास किसी से नहीं डरता है। मुझे इन सरकारों का इलाज करना आता है। प्रताप सिंह ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार कान खोलकर सुन ले। ईडी और इनकम टैक्स कुछ भी भेज दो। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भ्रष्टाचार करने वालों को डरना चाहिए। मैं नहीं डरूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे ईडी की तरफ से कोई नोटिस नहीं दिया गया। ईडी ने सीधे यहां छापेमारी की। इसे मैं गलत मानता हूं। प्रताप सिंह ने यह भी कहा कि मेरे ऊपर कोई भी चिटफंड का मामला नहीं है। ये गलत बात है।

# महिला ने खुद मुसीबत को न्योता दिया

**रेप पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी पर गुस्से में सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली, 15 अप्रैल 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट को दुष्कर्म पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर फटकार लगाई है। बलात्कार के मामले में सुनावई के दौरान इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा था कि महिला ने खुद परेशानी को बुलावा दिया और उसके खिलाफ होने वाले अपराध के लिए वो खुद जिम्मेदार है।



कोर्ट की ये टिप्पणी आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने एतराज जाहिर किया है। सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस टिप्पणी को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट से सवाल पूछा है। जस्टिस बी.आर.गवई और एजी मसीह की पीठ ने इस बयान पर सवाल खड़े किए हैं।

# कोटा में कार और बाइक की भीषण टक्कर में 4 की मौत

**कोटा, 15 अप्रैल 2025(ए)।** कोटा जिले के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इटावा-धनावा रोड पर मोरपा चौराहे के पास कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क से करीब पांच फीट दूर गड्ढे में जा गिरे। मृतकों में पति-पत्नी, उनका आठ महीने का बेटा और साले की बेटी शामिल हैं। चारों एक ही बाइक पर सवार होकर श्योपुर से अपने गांव भोरां लौट रहे थे।



डीएसपी राजेश ढाका ने बताया कि हादसा सुबह करीब 7:30 से 8 बजे के बीच हुआ। बाइक सवारों में से तीन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि आठ माह के बच्चे ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ा। बाइक सवारों की पहचान भोरां निवासी बीरा उर्फ लियाकत (29), उसकी पत्नी सितारा (27), बेटा लइक (8 माह) और साले की बेटी जोया (17) के रूप में हुई है।

# आरोपियों की जमानत रद्द



**सुप्रीम कोर्ट ने कर दी बड़ी टिप्पणी**

**नई दिल्ली, 15 अप्रैल 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी नवजात बच्चे को हॉस्पिटल से चुराया जाता है तो सबसे पहले उस अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड होना चाहिए। कोर्ट ने यह टिप्पणी दिल्ली- एनसीआर में नवजात बच्चों की तस्करी के गैंग के पर्दाफाश से जुड़ी खबर पर संज्ञान लेते हुए की। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के बच्चों की तस्करी के मामले में आदेश सुनाया और दिल्ली में इस गैंग के पकड़े जाने की घटना का जिक्र किया है। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली गैंग के पर्दाफाश की घटना अपने आप मे हतप्रभ कर देने वाली है और कोर्ट के दखल की जरूरत है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से इस बारे में स्थिति जांच रिपोर्ट भी तलब की है। कोर्ट ने पुलिस से पूछा है कि दिल्ली के अंदर और बाहर से सक्रिय इस तरह के बच्चा चोर गिरोहों से निपटने के लिए उनकी ओर से क्या कदम उठाए जा रहे हैं? कोर्ट ने स्वतः संज्ञान के मामले पर अगली सुनवाई 21 अप्रैल को तय कर दी है।




### उज्जैन के चौंसला गांव से हेलीकॉप्टर में बारात

**पिता ने पूरा किया बेटे का सपना, वधू पक्ष के उड़े होश,**

**उज्जैन, 15 अप्रैल 2025(ए)।** मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले के ग्राम चौंसला में एक अनूठा नजारा देखने को मिला, जब जितेंद्रसिंह गोहिल ने अपने बेटे की शादी में हेलीकॉप्टर से बारात ले जाकर उसका सपना पूरा किया। ग्राम चौंसला से दूल्हा हेलीकॉप्टर के जरिए दुल्हन लेने इंगोरिया गांव पहुंचा, जिसने पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना दिया। जितेंद्रसिंह ने अपने बेटे की इच्छा को पूरा करने के लिए एक निजी हेलिकॉप्टर किराए पर लिया। 14 अप्रैल को दोपहर 2:15 बजे हेलीकॉप्टर ग्राम चौंसला में उतरा। इसके बाद शाम 5:20 बजे दूल्हा अपनी बारात के साथ हेलीकॉप्टर से उज्जैन जिले के ही इंगोरिया गांव के लिए रवाना हुआ। रात में बारात इंगोरिया में रुकी, और आज, 15 अप्रैल को दूल्हा हेलीकॉप्टर से दुल्हन को लेकर वापस चौंसला लौटेगा।इस खास मौके पर दूल्हे ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा,मैं बहुत खुश हूं कि हेलीकॉप्टर से अपनी दुल्हन को लाने जा रहा हूं। मेरे पापा ने मेरा सपना सच कर दिया, मुझे उन पर बहुत गर्व है। यह अनोखी बारात न केवल दूल्हे के सपने को हकीकत में बदलने का प्रतीक बनी, बल्कि ग्राम चौंसला और आसपास के क्षेत्रों में भी एक यादगार पल बन गई। हेलिकॉप्टर से बारात का यह दृश्य ग्रामीणों के लिए कौतूहल और उत्साह का विषय रहा।

# अंबेडकर जयंती पर डीजे को लेकर विवाद

- फायरिंग में एक युवक की मौत...
- हमलावरों की हो रही है तलाश...




**मुरैना, 15 अप्रैल 2025(ए)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में डॉ. बीआर आंबेडकर की जयंती पर निकाले गए जुलूस के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर दो समूहों के बीच झड़प के बाद गोलीबारी में 26 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यह घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हिंगोना खुर्द गांव में सोमवार रात करीब नौ बजे हुई।

**डीजे के आवाज को लेकर हुई थी कहासुनी**

मुरैना के उप संभागीय मजिस्ट्रेट सी.बी. प्रसाद ने बताया कि डीजे की आवाज को लेकर दो गुटों में कहासुनी हो गई। यह कहासुनी इतनी बढ़ गई कि एक लड़के ने गोली चला दी। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की जान चली गई और दूसरा घायल हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह कहना सही नहीं है कि विवाद आंबेडकर जयंती के जुलूस को लेकर था। यह डीजे की आवाज को लेकर था।

**एक युवक की मौत, दूसरा घायल**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में संजय पिप्पल (26) की मौत हो गई। इसके अलावा, 24 साल का एक युवक घायल हो गया। उसका इलाज चल रहा है। सूत्रों से पता चला है कि झगड़ा करने वाले दोनों गुट जाटव और गुर्जर समुदाय के थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मुरैना पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गांव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है।

C M Y K

# संपादकीय

## आप हमारे अपने

नक्सलियों से गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आप हमारे अपने हैं। हथियार डाल कर मुख्यधारा में शामिल हों। जब कोई नक्सली मारा जाता है, तो कोई भी खुश नहीं होता। दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम महोत्सव में समापन समारोह में शाह ने कहा कि मार्च, 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। नक्सलमुक्त घोषित गांवों को एक करोड़ रुपये की विकास निधि देने तथा नक्सलियों की सुरक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था सरकार द्वारा सुनिश्चित करने की बात भी उन्होंने की। शाह के बस्तर प्रवास के दरम्यान छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों ने हैदराबाद में सामूहिक समर्पण किया जिनमें बीस नक्सल महिलाएं भी शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से 1967 में शुरू किसानों के विद्रोह को नक्सलवाद कहा गया। इसमें शामिल लोगों को नक्सलवादी या नक्सल कहा जाने लगा। इन्हें मुख्यतया वामपंथी आंदोलनों से जोड़ा जाता है जो माओवादी राजनीतिक विचारधारा का पालन करते हैं। सरकार के अनुसार देश में नक्सल प्रभावित जिले सत्रह से घट कर छह रह गए हैं। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, झारखंड और ओडिशा में इनकी जड़ें फैली हुई हैं। बिहार के विभिन्न जिलों को नक्सलमुक्त घोषित किए जाने के बावजूद अभी भी दस जिलों में इनका प्रभाव है। सरकार के प्रति नाराजगी और बुनियादी जरूरियात की मांग को लेकर ये उग्र प्रदर्शन करते रहे हैं। पिछले दिनों नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने पर्चा जारी करके सरकार से युद्धविराम की मांग की। नक्सल प्रभावित इलाकों के नौजवान अब बेहतर शिक्षा और रोजगार की तलाश में अपना वक्त लगाना बेहतर मान रहे हैं। जान बचाने के लिए घने जंगलों में भटकने या सुरक्षा बलों का निशाना बनने को वे राजी नहीं हो रहे। गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग लेकर हथियारबंद लड़ाकों को लगातार रिहाइशी इलाकों की तरफ जाने से रोका जा रहा है। दशकों से चले आ रहे इस सशस्त्र वामपंथी आंदोलन को नेस्तनाबूद करने को दृढ़संकल्पित केंद्र सरकार सफल होती दिख रही है। हालांकि ग्रामीण और बीहड़ इलाकों तक विकास, सड़कें, विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही रोजगार के साधनों की ठोस व्यवस्था ही नौजवानों को मतिभ्रम से दूर रख सकती है। मात्र ओजस्वी भाषणों के भरोसे उनके आवेग/गुस्से को रोका जाना मुश्किल है।


# भारत में गर्मी का जल्दी आना और लू का बढ़ना



**डॉ सत्यवान सौरभ**
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

बढ़ते तापमान से कृषि,जल संकट, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। फरवरी में असामान्य रूप से अधिक गर्मी, रात के तापमान में वृद्धि, समुद्री तापमान का असर और शहरी हीट आइलैंड प्रभाव इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। इसका असर शिक्षा, श्रम उत्पादकता और खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। भारत में लू की घटनाएँ जलवायु परिवर्तन के कारण तेज़ी से बढ़ रही हैं। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी इलाकों में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है और यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसे लू के रूप में परिभाषित किया जाता है। 2024 में भारत ने 554 लू के दिन अनुभव किए, जबकि 2023 में यह संख्या 230 थी। यह वृद्धि कृषि, जल उपलब्धता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, जिससे तत्काल शमन उपायों की आवश्यकता है।

फरवरी, जो आमतौर पर सर्दियों का महीना होता है,अब अत्यधिक गर्मी का अनुभव कर रहा है। ओडिशा, तेलंगाना और महाराष्ट्र में फरवरी 2025 में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया, जो जलवायु परिवर्तन की ओर इशारा करता है। उदाहरण फरवरी 2025 में मुंबई ने 38.7 डिग्री सेल्सियस का तापमान दर्ज किया, जो पांच वर्षों में सबसे गर्म फरवरी का दिन था। इसने दैनिक जीवन को बाधित किया और गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि की। वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार और तीव्र हीटवेव देखी जा रही हैं, जिससे जनसंख्या पर भारी दबाव पड़ रहा है। रात के तापमान में भी अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सामान्य से 1°C अधिक रात का तापमान दर्ज किया गया, जबकि 22 राज्यों में 3°C-5°C की वृद्धि देखी गई। दिल्ली में 2024 में 74 वर्षों की सबसे गर्म फरवरी की रात दर्ज की गई, जिससे कमजोर वर्ग के लिए रिकवरी का समय कम हो गया। समुद्री हीटवेव अंतर्देशीय तापमान को बढ़ाती हैं और मानसून के पैटर्न को प्रभावित करती हैं। 2023 में बंगाल की खाड़ी में समुद्री हीटवेव के कारण पूर्वी भारत में मानसून में देरी हुई और प्री-मानसून गर्मी बढ़ी। कंक्रीट संरचनाएँ,कम हरियाली और प्रदूषकों की उपस्थिति से शहरी क्षेत्रों में गर्मी अधिक रहती है। अप्रैल 2023 में अहमदाबाद के शहरी क्षेत्रों में तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों से 3-4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। राज्यों के बीच समन्वय सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय अनुकूलन योजना में हीटवेव शमन को शामिल करना आवश्यक है। अहमदाबाद की हीट एक्शन प्लान (2013) हर साल 1190 मौतों को रोकने में मदद करता है। शहरी नियोजन में हरित इमारतों, निष्क्रिय शीतलन और गर्मी प्रतिरोधी सामग्रियों का उपयोग बढ़ाना चाहिए। तेलंगाना की कूल रूफ नीति (2021) ताप-परावर्तक छतों को बढ़ावा देती है, जिससे इनडोर तापमान कम होता है। वृक्षारोपण,छत पर बागवानी और जल निकायों के संरक्षण से तापमान कम किया जा सकता है। दिल्ली की शहरी वन पहल ने कई हॉटस्पॉट में स्थानीय तापमान को 2-3 डिग्री सेल्सियस तक कम किया। स्थानीय मौसम निगरानी,हीटवेव पूर्वानुमान और शहरी हीट आइलैंड मानचित्रण का विस्तार किया जाना चाहिए। कमज़ोर श्रमिकों के लिए हीट इंश्योरेंस, समायोजित कार्य घंटे और शीतलन आश्रय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। राजस्थान के हीट इंश्योरेंस पायलट (2023) ने अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों को वित्तीय मुआवज़ा प्रदान किया।



अत्यधिक गर्मी के कारण स्कूलों में गर्मी की छुट्टियाँ लंबी हो सकती हैं, जिससे पाठ्यक्रम पूरा करना मुश्किल हो जाता है। कई स्कूलों में पर्याप्त शीतलन व्यवस्था नहीं होती, जिससे छात्रों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। परीक्षा के समय लू पड़ने से छात्रों का प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। अत्यधिक गर्मी के कारण श्रमिकों की उत्पादकता में कमी आती है, खासकर निर्माण, खेती और अन्य बाहरी कामों में। बिजली की खपत बढ़ने से ऊर्जा संकट उत्पन्न हो सकता है, जिससे बिजली कटौती बढ़ती है। हीटवेव के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बढ़ती हैं, जिससे अस्पतालों पर दबाव बढ़ता है और स्वास्थ्य सेवा का खर्च बढ़ जाता है। झीलों, तालाबों और नदियों का जल स्तर तेजी से गिरता है, जिससे पेयजल की समस्या गहराती है। भूजल स्तर में गिरावट होती है, जिससे सिंचाई और पेयजल की आपूर्ति प्रभावित होती है। जंगलों में आग लगने की घटनाएँ बढ़ती हैं, जिससे जैव विविधता को नुकसान होता है। गर्मी के कारण कई पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है। गेहूं, धान और अन्य प्रमुख फसलों की पैदावार में गिरावट आती है, जिससे खाद्य सुरक्षा प्रभावित होती है। अत्यधिक गर्मी और जल संकट के कारण पशुपालन भी प्रभावित होता है। अधिक गर्मी सहने वाली और कम पानी में पनपने वाली फसलों का विकास और उपयोग किया जाए। किसानों को माइक्रो-इरिगेशन तकनीक (टपक सिंचाई) अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। हरी छतें, जलाशयों और खुले हरे क्षेत्रों को बढ़ावा देना। सार्वजनिक स्थलों पर पेड़ों की छाया और वाटर स्प्रे सिस्टम लगाना। स्मार्ट शहरों में तापमान अनुकूलन तकनीकों को अपनाना। हीट-रेसिस्टेंट निर्माण सामग्री और ऊर्जा-कुशल डिज़ाइन को बढ़ावा देना। समुद्र के तापमान को नियंत्रित करने के लिए वैश्विक और क्षेत्रीय प्रयासों को मजबूत करना। तटीय इलाकों में मैंग्रोव वनों को पुनर्जीवित करना, जो प्राकृतिक रूप से तापमान को संतुलित करने में सहायक होते हैं। यूरोप का हीट एक्शन प्लान- फ्रांस और स्पेन ने हीटवेव के दौरान कूलिंग सेंटर और सार्वजनिक अलर्ट सिस्टम लागू किए हैं। ऑस्ट्रेलिया का जल प्रबंधनःसूखा-प्रभावित क्षेत्रों में जल संचयन और संरक्षण के लिए प्रभावी नीतियाँ लागू की गई हैं। अमेरिका का 'ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर' प्रोग्रामः शहरी इलाकों में हरियाली और छायादार क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही हैं। भारत में बढ़ती गर्मी और लू के प्रभावों को कम करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार,समाज और वैज्ञानिक समुदाय को मिलकर दीर्घकालिक समाधान विकसित करने होंगे। जलवायु अनुकूलन, स्मार्ट शहरी योजना, कृषि नवाचार और वैश्विक सहयोग से ही इस चुनौती से निपटा जा सकता है। गर्मी की लहरों के बढ़ते खतरे के कारण जलवायु-अनुकूलन योजनाओं को लागू करना आवश्यक हो गया है। प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली,हीट एक्शन प्लान और लचीले बुनियादी ढांचे को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। शहरी हरियाली, परावर्तक छतें और टिकाऊ जल प्रबंधन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही, महात्मा गांधी नरेगा जैसी योजनाओं का विस्तार और शीतलन-केंद्रित शहरी नीतियों को लागू करना सार्वजनिक स्वास्थ्य, आजीविका और भविष्य की स्थिरता को सुनिश्चित करने में सहायक होगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# चिंता और चिंतन के अंतर को समझने का महत्व



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर छत्तीसगढ़

## आशावादी दृष्टिकोण से सफलता

निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैं। निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है। अतः सकारात्मक सोच के साथ चिंतन, नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हों। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके। कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े। सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निःसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम,अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और



मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा,सत्य,करुणा,सेवा,दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति,मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर,रैदास, संत, ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती,निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी, नेहरू, टैगोर,सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था। परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके।

वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना,मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

## कविता
### हम बच्चे स्कूल चलेंगे

घटती-घटना



कृष्णा चौहान
बरमकेला सारंगढ़,
बिलाईगढ़,रायगढ़
छत्तीसगढ़

हम बच्चे स्कूल चलेंगे,
शिक्षा ग्रहण करेंगे।
खूब पढ़ लिखकर,
जीवन में आगे बढ़ेंगे।
स्कूल जाकर हम,
गुरुओं का मान करें।
प्यारे प्यारे दोस्त बनेंगे,
हंसते गाते रोज मिलेंगे।
स्कूल जाकर हम,
दिल लगाकर पढ़ेंगे।
योगा करेंगे खेल खेलेंगे,
वृक्षा रोपण करेंगे।
ए बी सी डी,
अनार आम पढ़ेंगे।
क ख ग घ,
पहाड़ा गिनती पढ़ेंगे।
हार कभी नहीं मानेंगे,
सपनो को साकार करेंगे।
पढ़- लिखकर,
मां बाप का नाम रोशन करेंगे।
हम बच्चे स्कूल चलेंगे,

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# गोपालगंज का इतिहास




**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर बिहार



बिहार के 38 जिला में,एक जिला गोपालगंज भी है, जो गंडक नदी पश्चिमी तट पर स्थित है। गोपालगंज जिला उत्तर दिशा में चम्पारण जिला से घिरा हुआ है दक्षिण दिशा में सिवान जिला से घिरा हुआ है और पश्चिमोत्तर में उत्तरप्रदेश राज्य के देवरिया जिला से घिरा हुआ है।गोपालगंज जिला का इतिहास समृद्ध और विधित है। सारण जिला से अलग करके 02 अक्टूबर 1973 को गोपालगंज जिला का स्थापना किया गया। गोपालगंज जिला का स्थानीय भाषा भोजपुरी है और यहाँ के लोग अंग्रेजी, हिन्दी व उर्दू में भी बोलते हैं। गोपालगंज जिला में घूमने के लिए कई ऐतिहासिक, दर्शनीय और धार्मिक स्थल है जैसे थावे दुर्गा मंदिर, दिघवा-दुबौली, हुस्सेपुर और पीताम्बार पीठ, हथुआ राज का किला, सत्तर किला इत्यादि। गोपालगंज जिला की मिठानाईयाँ बहुत ही प्रसिद्ध और मशहूर है। जैसे चना मिठाई, सोंदेश, खाजा, पेड़ा, रोशमोलाई,रोशोगुल्ला, देही इत्यादि। इसके साथ ही प्रसिद्ध व्यंजन है लिट्टी चोखा, सत्तू, भुना हुआ मटन, मछली, तरुआ,दाल-भात,पिट्ठा इत्यादि। गोपालगंज में कई सरकारी स्कूल व महाविद्यालय है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और भूतपूर्व रेल मंत्री माननीय लालू प्रसाद जी का गृह जिला है। एक बार गोपालगंज जिला घूमने जरूर आए।।

# स्टैंडअप कॉमेडी एक्ट को लेकर उठा तूफान

कुणाल कामरा के एक स्टैंडअप कॉमेडी एक्ट को लेकर जो तूफान उठा था अभी उसकी गर्द उड़ ही रही है। पहले सोचा था कि इसका गर्दो गुबार बैठ जाए तब इस पर लिखा जाए। परंतु निकट भविष्य में उसकी संभावना नहीं दिख रही है। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को खुश करने के लिए महाराष्ट्र पुलिस ने कमर कसी हुई है। उसने तय किया है कि हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट कुछ भी कहें कुणाल कामरा को एक बार तो गिरफ्तार करना है ही और मजा चखाना ही है। तभी एक के बाद एक नए मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और नए समन जारी हो रहे हैं।उन जगहों पर पुलिस दबिश दे रही है, जहां कामरा 10 साल से नहीं रहते हैं। पुलिस का जोर कामरा पर नहीं चला तो उन तमाम दर्शकों को नोटिस भेज कर बुलाया गया,जो उनके शो में मौजूद थे। इसके बाद से यह मजाक चल रहा है कि दर्शकों के बाद उन लोगों की बारी है,जिन्होंने यूट्यूब पर कामरा के इस वीडियो को देखा है।समूचा विवाद इस बात का है कि कुणाल कामरा ने एकनाथ शिंदे को गद्दार' कहा। हालांकि उन्होंने शिंदे का नाम नहीं लिया है लेकिन ठाणे की रिक्शा',चेहरे पे दाढ़ी', आंख पे चश्मा',गुवाहाटी में छिपना' आदि से पर्याप्त इशारा है कि वे किसकी बात कर रहे हैं। यह एक तथ्य है कि शिंदे ने शिव सेना तोड़ी, अपनी अलग पार्टी बनाई, जिसे बाद में चुनाव आयोग ने असली शिव सेना कहा। वे दशकों तक जिस पार्टी और परिवार के प्रति निष्ठावान बने रहे उससे अलग हुए। कह सकते हैं कि विचारधारा का मतभेद था। इसके बावजूद ऐसे कदमों को राजनीति में दलबदल करना, नेता की पीठ में छुरा भोंकना,धोखा देना, गद्दारी करना आदि ही कहा जाता है।उद्धव ठाकरे की पार्टी के अलावा दूसरी पार्टियों के नेताओं ने भी शिंदे के बारे में ऐसी बातें कही हुई हैं। लेकिन शिंदे समर्थक उनसे नाराज नहीं हुए। उनकी नाराजगी भड़की है कुणाल कामरा पर। कामरा पर नाराजगी क्या इस वजह से भड़की है कि वे कोई नेता नहीं हैं,उनके पास कोई पार्टी नहीं है या कोई सुरक्षा कवच नहीं है या कोई और कारण है?बहरहाल, कुणाल कामरा के स्टैंडअप एक्ट में वह बात सबसे गंभीर या अहम नहीं है,जिस पर सबसे ज्यादा विवाद है यानी शिंदे का मामला सबसे गंभीर नहीं है। उन्होंने



45 मिनट के अपने प्रोग्राम में कई दूसरे गंभीर विषय उठाए हैं और उन पर तीखा व्यंग्य किया है। उन्होंने भारतीय समाज की हिप्पोक्रेसी, देश के उद्योगपतियों के लालच, करोड़पतियों के दिखावे और धन के अश्लील प्रदर्शन पर गहरा व्यंग्य किया है। परंतु किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया। ऐसा लग रहा है कि अपने कॉमिक एक्ट से कामरा ने जो गंभीर सवाल उठाए उनको दबाने या छिपाने के लिए एकनाथ शिंदे के मुद्दे पर फोकस बनवा दिया गया हो। कामरा के एक्ट को लेकर जो प्रहसन चल रहा है उसको देख कर अजय देवगन की सिंघम' फिल्म का एक दृश्य याद आता है,जिसमें हीरो ने विलेन को मामूली गुंडा' कहा।विलेन ने इस पर भड़कते हुए कहा, मामूली किसको बोला'? सोचें, उसे गुंडा कहे जाने से तकलीफ नहीं थी, मामूली कहे जाने से थी। वही हाल कामरा की कॉमेडी की है। मामूली बातों पर भावनाएं आहत हुई हैं और गंभीर बातों पर चुप्पी है या उसका मौन स्वीकार है। कामरा ने देश के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में धन के अश्लील प्रदर्शन का मुद्दा उठाया। मुख्यधारा के किसी आदमी की इस पर बोलने की हिम्मत नहीं हो रही थी। लेकिन कामरा ने यह कहते हुए सवाल उठाया कि अंबानी सटल (Subtle) है ही नहीं'। उन्होंने एक रूपक के जरिए अपनी बात समझाई कि अंबानी ने दुनिया भर के गायकों, नर्तकों, अभिनेताओं को बुला लिया और सबको सामने बैठा कर कहा कि तुम बैठो हम नाचेंगे'।रिलायंस समूह यही तो कारोबार में भी कर रहा है। उसकी किसी काम में विशेषज्ञता नहीं है लेकिन उसे सारे काम करने हैं। हर चीज खरीदनी है और हर चीज बेचनी है। कामरा ने बहुत बारीक तरीके अंबानी के निजी चिड़ियाघर का भी मजाक उड़ाया। लेकिन इस पर कोई चर्चा नहीं हुआ।कामरा के उस एक्ट की सबसे खास बात यह थी कि उन्होंने देश के तमाम उद्योगपतियों और कारोबारियों की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि इस देश के किसी उद्योगपति ने कोई इनोवेशन नहीं किया है। एक चीज नहीं बनाई है। यह कितनी बड़ी सचाई है कि भारत में जिसके पास 12 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है वह भी सौ, दो सौ करोड़ रुपए रिसर्च पर या इनोवेशन पर खर्च नहीं करता है। वह इस इंतजार में रहता है कि दुनिया के दूसरे देशों के उद्यमी रिसर्च करें, इनोवेशन करें, नई चीजें बनाएं और बेचने के लिए उसको दे दें। अभी हाल ही में अंबानी और मित्तल दोनों इलॉन मस्क के वेंडर बने हैं। मस्क ने अपने साहस, रिसर्च, इनोवेशन से धरती की कक्षा में सात हजार सेटेलाइट भेजे और उनसे इंटरनेट की सेवा शुरू की। भारत में अंबानी और मित्तल यह सेवा बचेंगें। इस कमाई का पैसा मस्क के पास अमेरिका जाएगा और अंबानी व मित्तल को कमीशन मिलेगा। सोचें, 12 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति वाला भी अमेरिका के एक कारोबारी का कमीशन एजेंट है। कामरा ने इस हकीकत को अपने एक्ट से जाहिर किया।कुणाल कामरा ने संत जैसे आचरण करने वाले आनंद महिंद्रा और सुधा मूर्ति पर भी तंज किया। उन्होंने कहा कि आनंद महिंदा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से लेकर हर चीज पर सोशल मीडिया पोस्ट लिखते हैं लेकिन अपनी गाड़ी की क्वालिटी ठीक नहीं करते हैं। वे उन तमाम बातों में घुसे रहते हैं, जिनसे उनका कोई मतलब नहीं है। ऐसे ही सुधा मूर्ति के मैं सिंपल हूं' के प्रचार पर भी उन्होंने गहरा तंज किया। उन्होंने कहा कि खुद को सिंपल बताते बताते वे राज्यसभा चली गई।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्राम बकनाकला के निवासी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,15 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से राहत दिलाने के लिए करोड़ों रुपये फूंकने के बाद भी हालात में तब्दीली नहीं आ पाई है। सरगुजा जिले का एक गांव ऐसा है, जहां के लोग एक दिन पानी भरने के बाद तीन दिन तक रोजमर्रा के कार्यों में उपयोग लाते हैं। नहाने के लिए पानी मिलना दूभर है। घरों में जूठे बर्तनों को छोड़ देना पड़ता है। ऐसे हालातों से जूझ रहे ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टर को अपना दुखड़ा सुनाने कलेक्टोरेट अंबिकापुर पहुंचे। इन्होंने बताया जल जीवन मिशन के तहत गांव में 3 बड़ी टंकी का निर्माण कार्य लाखों रुपये फूंककर किया गया, जो किसी काम का नहीं है। टंकी में पानी भरने के लिए बोर की खोदाई की गई, लेकिन इसे टंकी से कनेक्ट नहीं किया गया है।

ग्राम बकना कला निवासी बिरजू टेकाम,राजनाथ,राजू,रामप्यारी,विश्वनाथ, अंजली, अनिता सहित अन्य ने बताया कि गांव में लगभग 300 घर है। जिसमें 1500 से अधिक लोग निवास करते हैं। लेकिन इन्हें भीषण गर्मी में पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक से डेढ़ किलोमीटर का सफर तय करके दूसरे गांव से पानी लाना पड़ता हैं। गांव में बोर है लेकिन रोज इतनी बड़ी आबादी के लिए उससे पानी मिल पाना मुश्किल है। गांव का ढोढ़ी भी सूख चुका है। हैण्डपम्प से लाल पानी



निकलने के कारण उसे बमुश्किल छानकर खाना बनाने और बर्तन धोने के उपयोग में लाते हैं। हैण्डपम्प से भी पूरी आबादी को पानी नहीं मिल पाता है। गर्मी के मौसम में रोज नहाने के लिए पानी उन्हें मुनासिब नहीं है।ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जल जीवन योजना पूरी तरह फेल है। योजना के तहत गांव में 3 बड़ी टंकियों का निर्माण तो करा दिया गया है पर उसमें एक बूंद पानी नहीं है। इसके अलावा सिंटेक्स लगाए गए हैं, जो खुद प्यासे हैं। कई घरों में नल का कनेक्शन तक नहीं पहुंच पाया है। जिनके घरों तक कनेक्शन पहुंचा, वे भी शासन की रीति-नीति को कोस रहे हैं। जल जीचन योजना हाथी का दांत साबित हो रहा है। गांव में केवल बड़ी-बड़ी टंकी दिखेंगे पर उसमें प्यास बूझाने के लिए एक बूंद पानी नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगभग 20 हैंडपंप है। जो आबादी के क्षमता के अनुसार नहीं है। अधिकांश हैंडपंप पुरानी है। जिसमें लाल दूषित पानी निकलता है जो पीने लायक नहीं है। मजबूरी में ग्रीमण छानकर पानी पीने को मजबूर हैं। वहीं गांव की संख्या लगभग 1500 से अधिक होने के कारण हैंडपंप भी सूख जाता है। मजबूरी में गांव की महिलाएं दूसरे गांव में जाकर पानी लाते हैं। दूसरे के घर पानी लाने में उनहें भी शर्मिंदगी महसूस होती है। बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्राम बकनाकला के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर से गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी की सप्लाई कराई जाए ताकि हमलोगों को भीषण गर्मी में पानी के लिए तरसना न पड़े।

# ग्राम चिरगा के डायरिया प्रभावित क्षेत्र बेवरापारा पहुंचे कलेक्टर





**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,15 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

» **स्वास्थ्य विभाग की टीम से वर्तमान स्थिति की ली जानकारी, डायरिया के 14 एक्टिव मरीज चिन्हांकित**

» **पेयजल स्रोतों का जायजा कर अधिकारियों दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने मंगलवार को विकासखण्ड लुण्ड्रा के डायरिया प्रभावित क्षेत्र ग्राम चिरगा के बेवरापारा का दौरा किया। उन्होंने यहां पेयजल स्त्रोतों का जायजा लिया तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को पानी का सैंपल लेकर जांच कराए जाने निर्देशित किया। कलेक्टर श्री भोसकर ने इस दौरान ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर का जायजा लिया तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के सम्बंध में जागरूक करें, टीम अलर्ट मोड में कार्य करें। इस दौरान कलेक्टर श्री भोसकर ने संबंधित अधिकारियों को स्वच्छ पेयजल हेतु ग्राम में कुंआ एवं बोरवेल निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

बता दें बेवरापारा में कुल 27 पहाड़ी कोरवा परिवार हैं। यहां डायरिया की जानकारी मिलते ही कलेक्टर श्री विलास भोसकर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट मोड पर कार्य कर रही है। सीएमएचओ डॉ. पी.एस. मार्को ने बताया कि वर्तमान में डायरिया के 14 एक्टिव केस हैं। सभी को सीएचसी धौरपुर में भर्ती कराया गया है, मरीजों की स्थिति में सुधार है। जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र में शिविर लगाया गया, स्वास्थ्य जांच के पश्चात एक्टिव पाए गए मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करायी गई हैं तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। वहीं ग्रामीणों को स्वच्छता के सम्बन्ध में भी जागरूक किया जा रहा है।

# जलसंकट की समस्या का जायजा लेने बकनाकला ग्राम पहुंचे कलेक्टर,आमजनों से की चर्चा

» **तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर राहत दिलाने अधिकारियों को दिया निर्देश**




**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,15 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर श्री विलास भोसकर मंगलवार को लुण्ड्रा विकासखण्ड के ग्राम बकनाकला के सेमरपारा पहुंचे। जलसंकट की समस्या संज्ञान में आते ही उन्होंने ग्राम पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर श्री भोसकर ने ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्या के सम्बन्ध में जानकारी ली। बताया गया की विद्युत कनेक्शन नहीं होने कारण पानी का सप्पलाई बाधित है। कलेक्टर श्री भोसकर ने सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था किए जाने के कड़े निर्देश दिए। वहीं उन्होंने कहा कि जिन हैंडपंपों में खराबी उन्हें सुधार करवाएं, लोगों को पेयजल के सम्बन्ध में किसी प्रकार की समस्या ना हो। इस दौरान कलेक्टर श्री भोसकर ने ग्रामीणों से अन्य आवश्यकता एवं समस्या के सम्बन्ध में भी जानकारी ली।



# चोरी गए मोबाइल के फोन पे से 1 लाख रुपए का आहरण

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,15 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

चोरी हुए मोबाइल से फोन पे से 99 हजार 878 रुपए आहरण किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार प्रितपाल सिंह शहर के केदारपुर जोड़ा पीपल का रहने वाला है। वह 13 अप्रैल को सुबह करीब 8.30 बजे गुदरी बाजार गया था। जहां उसे उसकी मोबाइल अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। मोबाइल में आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता पासबुक का फोटो था, वहीं मोबाइल नंबर क्रमांक 2 से स्टेट बैंक आफ इंडिया कलेक्ट्रेट ब्रांच का खाता लिंक था, जिससे वह फोन पे चलाता था। प्रितताल ने मोबाइल चोरी होने की शिकायत साइबर थाने में भी की थी। इसी बीच मोबाइल के यूपीआई आईडी का उपयोग करके उसके खाता से कुल 8 बार में 99 हजार 878 रुपये आहरण कर लिया गया है। खाते से रुपए आहरण किए जाने की जानकारी होने पर प्रितपाल ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# दो पक्षों में विवाद का मामला पहुंचा थाने,पुलिस कर रही जांच

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,15 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

मायापुर छेदी कॉलोनी निवासी महिला ने स्कूल रोड निवासी एक युवक पर टांगी जान से मार देने और घर को जला देने की धमकी देते हुए टांगी लेकर घर के अंदर घुसने की जानकारी पुलिस को दी है। दूसरे पक्ष से युवक ने रास्ता रोककर गाली-गलौज और मारपीट करने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। पुलिस दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध कायम करके अग्रिम जांच, ववेचना में जुट गई है।



छेदी कॉलोनी मायापुर निवासी साधना केशरी ने पुलिस को बताया है कि 14 अप्रैल को दोपहर करीब 2.15 बजे स्कूल रोड में हनुमान मंदिर के पास रहने वाला निशांत केसरी टांगी लेकर आया और घर खाली कराने की धमकी देकर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि युवक ने रात में आकर परिवार सहित पूरे घर को जलाकर राख कर देने की धमकी दी। वहीं निशांत केशरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 14 अप्रैल को दोपहर करीब 2 से 2.30 बजे के बीच मायापुर छेदी कॉलोनी के पास रहने वाला आशीष केशरी उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देहर मारपीट करने लगा। इस दौरान वह जान बचाकर मौके से भागा। रिपोर्ट पर पुलिस अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।






# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पात्र परिवारों का बनेगा पक्का मकान

**आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल**

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,15 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मोर दुआर-साय सरकार÷ महाभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के उन पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान करना है, जो अब तक स्थायी प्रतीक्षा सूची अथवा आवास प्लस सूची में सम्मिलित नहीं हो पाए हैं। यह सर्वे कार्य आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अगुवाई में ÷मोर आवास-मोर अधिकार÷ की भावना को साकार करते हुए जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आवास प्लस सर्वे का कार्य जारी है। ग्राम पंचायतों के माध्यम से पात्र परिवारों के चिन्हांकन के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा रहा है। इस महाभियान के तहत शत-प्रतिशत सर्वेक्षण को पूर्ण कर,वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने का लक्ष्य शासन ने रखा है।



कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने जनपद पंचायत के समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि गरीब और जरूरतमंद पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित न रहे।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं के लिए चयन परीक्षा 20 अप्रैल को

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,15 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 20 अप्रैल 2025 (रविवार) को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत आयोजित हो रही है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा जिला स्तर पर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व अर्थात सुबह 9:00 बजे तक परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। सुबह 9:30 बजे से ओ.एम.आर. शीट भराई की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। परीक्षार्थियों को अपना मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड या विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।परीक्षा में केवल नीले या काले बॉलपॉइंट पेन का ही उपयोग करना होगा। सहायक आयुक्त ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है,वे विभागीय वेबसाइट www.eklavya.cg.nic.in पर जाकर अपना आवेदन क्रमांक एवं अपने पिता के मोबाइल नंबर की सहायता से 3 अप्रैल से 20 अप्रैल 2025 के बीच ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि किसी परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने या किसी अन्य प्रकार की परेशानी होती है तो वह अंबिकापुर स्थित कलेक्टोरेट कैम्पस में कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास या संबंधित विकासखंड के मंडल संयोजक से संपर्क कर सकता है। अंबिकापुर हेतु 9009627222, लखनपुर हेतु 9753946553, उदयपुर हेतु 9406130942, लुंड्रा हेतु 7999566767, बतौली हेतु 7000452965, सीतापुर हेतु 7240825482 और मैनपाट हेतु 9098979738 विकासखंडवार मंडल संयोजक के दूरभाष नंबर जारी है।

# शासकीय करण मांग को लेकर पंचायत सचिव अब क्रमिक भूख हड़ताल पर

**- संवाददाता -**
**लखनपुर,15 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ के पंचायत सचिव संघ अपनी शासकीय करण मांग को लेकर पूरे प्रदेश भर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं सचिवों के हड़ताल में चले जाने से ग्राम स्तर में सरकार की योजनाओं के क्रियावन और पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे है जिससे ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा के आह्वान पर पूरे प्रदेश के सचिव अपनी शासकीय करण मांग को लेकर रायपुर में 17 मार्च को विधानसभा घेराव किया था। वही 18 मार्च से पंचायत सचिव संघ अपनी शासकीय कारण मांग को लेकर जिला और ब्लॉक मुख्यालय में 28 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। सरगुजा जिले के लखनपुर जनपद कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने 12 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू किया है। क्रमिक भूख हड़ताल में प्रतिदिन चार-चार की संख्या में सचिव भूख हड़ताल पर बैठकर शासकीयकरण मांग कर रहे रहे हैं। 15 अप्रैल दिन बुधवार को अपनी मांगों को लेकर लखनपुर सचिव संघ के सदस्य विकास सिंह, शुक्ला राम,रतन राम, ओमप्रकाश क्रमिक भूख हड़ताल पर है। वही सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जयपाल साहू ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करेगी तब तक पंचायत सचिवों का हड़ताल जारी रहेगा।






# चीनी एयरलाइंस को सरकार का आदेश,बोइंग से विमान और अमेरिका में बने विमानन सामान न खरीदें



**बीजिंग,15 अप्रैल 2025।** अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार विवाद के बीच एक नई और बड़ी खबर सामने आई है। चीन ने अपने घरेलू एयरलाइंस को आदेश दिया है कि वे अब अमेरिकी कंपनी बोइंग से कोई नया विमान न लें। इसके साथ ही, चीन ने यह भी कहा है कि अमेरिकी कंपनियों से हवाई जहाज़ों के पार्ट्स और उपकरणों की खरीदारी भी तुरंत बंद कर दी जाए।

### अमेरिका ने लगाए भारी टैरिफ, चीन का जवाब सख्त

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से चीन पर 145 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया गया है। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिकी सामान पर 125 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इस तरह दोनों देशों के बीच टैरिफ वॉर और भी ज्यादा तेज हो गया है।

बोइंग कंपनी दुनिया की सबसे बड़ी हवाई जहाज बनाने वाली कंपनियों में से एक है। पिछले 50 वर्षों से बोइंग के विमान चीन की पैसेंजर और कार्गो सेवाओं का अहम हिस्सा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, चीन में उड़ने वाले 10,000 से ज्यादा बोइंग विमानों में चीन में बने पार्ट्स लगे होते हैं। बोइंग की चीन में गतिविधियां चीन की अर्थव्यवस्था को सालाना 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 12,500 करोड़ रुपये) का प्रत्यक्ष समर्थन देती हैं। इसमें सप्लायर्स,ज्वाइंट वेंचर,ट्रेनिंग, और रिसर्च जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार,चीन की सरकार ने साफ कह दिया है कि अब कोई भी चीनी एयरलाइन बोइंग के विमान नहीं खरीदेगी और न ही अमेरिकी कंपनियों से किसी भी तरह के एविएशन उपकरण या पार्ट्स मंगवाएगी। यह आदेश मौजूदा व्यापारिक तनाव को और बढ़ाने वाला माना जा रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए चीन पर आरोप लगाया कि वह अमेरिका को नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रहा है। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और वियतनाम के राष्ट्रपति टो लाम की बैठक पर कटाक्ष करते हुए कहा, यह बैठक बहुत शानदार है। जैसे कि वह यह सोच रहे हों कि अमेरिका को कैसे नुकसान पहुंचाया जाए।

इस बीच, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वियतनाम,मलयेशिया और कंबोडिया की यात्रा पर हैं। वियतनाम में उन्होंने बयान दिया कि चीन और वियतनाम को एकतरफा दबाव और धमकी का मिलकर विरोध करना चाहिए और वैश्विक मुक्त व्यापार को बढ़ावा देना चाहिए। यह बयान अमेरिका के खिलाफ चीन के रुख को और स्पष्ट करता है।

# उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में भीषण सड़क हादसा,ट्रक और बस की सीधी टक्कर में 10 लोगों की मौत




**इस्लामाबाद,15 अप्रैल 2025।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में मंगलवार को एक ट्रक और यात्री वाहन के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। हादसे में आठ आठ घायल भी हुए हैं। 1122 रेस्क्यू के प्रवक्ता ने बताया कि यह दुर्घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में मुख्य सिंधु राजमार्ग पर लक्की घुंडा खेल के पास हुई।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद पांच एंबुलेंस और एक रिकवरी वाहन घटनास्थल पर भेजा गया। बचाव दल ने सभी लोगों को बस जैसे यात्रर वाहन से बाहर निकाला। घायलों को जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई घायलों की हालत गंभीर है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने 10 यात्रियों की मौत पर दुख जताया और मृतकों के लिए प्रार्थना की।

### अज्ञात बंदूकधारियों ने दो पोलियो टीकाकरणकर्ताओं का अपहरण किया

इस बीच उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो पोलियो टीकाकरणकर्ताओं का अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि अज्ञात बंदूकधारियों ने सोमवार को पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बंदूक की नोक पर दो पोलियो टीकाकरणकर्ताओं का अपहरण कर लिया। कार्यकर्ताओं की पहचान मुहम्मद आसिफ और रज मुहम्मद के रूप में हुई है। बताया गया कि पांच हथियारबंद लोगों हथियारबंद लोगों ने कुलाची से डेरा इस्माइल खान जा रही एक यात्री बस को रोका। फिर पोलियो कार्यकर्ताओं को उतारकर अज्ञात स्थान पर ले गए। मुहम्मद आसिफ कुलाची जिले के पोलियो गांव मुड्डी मुहम्मद और रज मुहम्मद पोलियो के प्रभारी हैं।

# अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता जारी रखने का खामेनेई ने किया समर्थन, सतर्कता बरतने की दी सलाह

**तेहरान,15 अप्रैल 2025।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और ईरान के बीच चल रही परमाणु वार्ता को लेकर कहा है कि बातचीत जारी रहनी चाहिए, लेकिन ईरान को बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं रखनी चाहिए और हर कदम सोच-समझकर उठाना चाहिए।

### पहले दौर की बातचीत हो चुकी है, अगला दौर जल्द

अमेरिका और ईरान के बीच पहला दौर 12 अप्रैल को ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। यह बातचीत ज्यादातर अप्रत्यक्ष रूप में हुई थी। अब अगला दौर 19 अप्रैल को होने वाला है। पहले यह बातचीत इटली में होने की योजना थी, लेकिन अब फिर से ओमान में ही कराने का फैसला लिया गया है। हालांकि इस बदलाव की कोई खास वजह सार्वजनिक नहीं की गई है।

### खामेनेई का सधा हुआ रुख

15 अप्रैल को ईरान के तीनों प्रमुख शक्ति स्तंभों (कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका) के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में खामेनेई ने पहली बार इन वार्ताओं पर खुलकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, बातचीत शुरू करने का जो फैसला लिया गया था, वह सही दिशा में था और अभी तक अच्छी तरह से आगे बढ़ा है। लेकिन आगे बढ़ते हुए हमें सावधानी बरतनी होगी। खामेनेई ने कहा कि इन वार्ताओं से कोई नतीजा



निकल सकता है या नहीं भी, दोनों ही संभावनाएं हैं। उन्होंने आगे कहा,हम बातचीत को लेकर ना ज्यादा आशावादी हैं और ना ही निराशावादी। हां, हम दूसरी तरफ (अमेरिका) को लेकर बहुत ज्यादा भरोसे में नहीं हैं, लेकिन हमें अपनी क्षमताओं पर पूरा विश्वास है।

### देश के फैसले बातचीत से न जोड़ें- खामेनेई

अयातुल्ला अली खामेनेई ने अधिकारियों से साफ कहा कि देश की आर्थिक या राजनीतिक योजनाओं को इन वार्ताओं के नतीजों से जोड़कर न देखा जाए। उन्होंने कहा कि बातचीत जरूरी है, लेकिन देश को इन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

### क्यों है बातचीत जरूरी ?

ईरान पर अमेरिका और पश्चिमी देशों की ओर से परमाणु कार्यक्रम को लेकर कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं। ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांति और ऊर्जा के लिए है, जबकि अमेरिका और उसके सहयोगियों को डर है कि ईरान परमाणु हथियार बना सकता है। यही वजह है कि बातचीत के जरिए दोनों पक्षों के बीच समझौता करने की कोशिश की जा रही है।

# नासा के अधिकारी-कर्मचारियों को भी नहीं बख्श रहे ट्रंप, अब भारतीय मूल की डीईआई प्रमुख को किया बर्खास्त



**वॉशिंगटन, 15 अप्रैल 2025।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बड़े पैमाने पर संघीय कर्मचारियों की छंटनी कर रहे हैं। अब ट्रंप ने नासा के अधिकारियों और कर्मचारियों की बर्खास्तगी का आदेश जारी किया है। इसके बाद नासा ने भारतीय मूल की विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) प्रमुख नीला राजेंद्र को बर्खास्त कर दिया। पहले ट्रंप के आदेश के बाद नासा ने नीला राजेंद्र का पदनाम बदलकर टीम एक्सीलेंस और कर्मचारी सफलता के कार्यालय का प्रमुख कर दिया था, लेकिन अंततः उनको नौकरी से हाथ धोना पड़ा।

पिछले सप्ताह नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला ने ईमेल जारी किया। इसमें प्रयोगशाला में काम करने वाले कर्मचारियों को नीला राजेंद्र को बाहर निकालने की सूचना दी गई। नासा के जेपीएल के निदेशक लॉरी लेशिन की ओर से भेजे गए ईमेल में लिखा गया कि नीला राजेंद्र अब जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला में काम नहीं कर रही हैं। हम उनके संगठन में किए गए स्थायी प्रभाव के लिए बेहद आभारी हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

इससे पहले नीला राजेंद्र नासा के विविधता विभाग की प्रमुख थीं। जिसे मार्च में डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकारी आदेश के बाद बंद कर दिया गया। ट्रंप के आदेश के बाद नासा ने नया विभाग बनाते हुए 10 मार्च को एक ईमेल जारी किया था। इसमें नासा के कर्मचारियों को बताया गया था कि नीला राजेंद्र अब %टीम उत्कृष्टता और कर्मचारी सफलता कार्यालय% की प्रमुख होंगी। नई भूमिका संभालने के बाद राजेंद्र ने लिंक्डइन पर लिखा था कि नासा में नवगठित कार्यालय के प्रमुख के रूप में उनका काम मुख्य रूप से एक साथ महान कार्य करने की हमारी क्षमता को उजागर करना है।

# सिंगापुर में आम चुनाव का एलानः 23 से नामांकन, तीन मई को मतदान



### » राष्ट्रपति के संसद भंग करने के बाद फैसला

**सिंगापुर,15 अप्रैल 2025।** सिंगापुर में 14वें आम चुनावों का एलान हो गया है। चुनाव विभाग ने तारीखों का एलान करते हुए कहा कि देशभर में तीन मई को मतदान होगा। जबकि नामांकन 23 अप्रैल से शुरू होंगे। इससे पहले राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम ने प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की सलाह पर संसद को भंग कर दिया। राजनीतिक दलों ने भी चुनाव को लेकर कमर कस ली। यहां मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ पीएपी और विपक्षी वर्कर्स पार्टी के बीच है।

सिंगापुर की सत्ता पर 1965 से कायम पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के नेतृत्व में अपना किला बचाने का प्रयास कर रही है। वोंग ने पिछले साल मई में सिंगापुर के चौथे नेता के रूप में शपथ ली थी। इस चुनाव में वे मजबूत जीत हासिल करना चाहते हैं, क्योंकि सरकार के प्रति मतदाताओं के बढ़ते असंतोष के कारण 2020 के चुनावों में पीएपी को झटका लगा था।

पीएपी प्रमुख के रूप में अपने पहले आम चुनाव में वोंग असंतुष्ट युवा मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश में है।

उन्होंने फॉरवर्ड सिंगापुर योजना शुरू की जिसका उद्देश्य सिंगापुर के लोगों को यह कहने का मौका देना है कि अगली पीढ़ी के लिए अधिक संतुलित, जीवंत और समावेशी एजेंडा कैसे विकसित किया जाए? इसके साथ ही पीएपी में नई जान फूंकने के लिए 30 से ज्यादा नए उम्मीदवार उतारने का एलान किया है। वोंग ने चेतावनी दी है कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच आपके कॉकपिट में कौन है, यह मायने रखता है, क्योंकि अमेरिकी टैरिफ वैश्विक व्यापार प्रणाली को प्रभावित करते हैं।

पिछले दिनों पीएम लॉरेंस वोंग ने फेसबुक पोस्ट में कहा था कि हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक दलों के बीच नहीं है, बल्कि सिंगापुर बनाम दुनिया है हमारा मिशन अपने देश को स्थिरता, प्रगति और उम्मीद की एक चमकती हुई किरण बनाए रखना।

# इस्राइल ने गाजा में अस्पताल के गेट पर किया हवाई हमला, तीन चिकित्सक और सात मरीज घायल



**गाजा पट्टी,15 अप्रैल 2025।** इस्राइल ने मंगलवार को गाजा पट्टी में एक फील्ड अस्पताल के गेट पर हवाई हमला किया। इस हमले में तीन चिकित्सक और सात मरीज समेत 10 लोग घायल हो गए। अस्पताल के प्रवक्ता सबर मोहम्मद ने बताया कि दो मरीज गंभीर रूप से घायल हैं। हालांकि,इस्राइली सेना की ओर से हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

इस्राइली हवाई हमला मुवासी इलाके में कुवैती फील्ड अस्पताल पर हुआ, जहां लाखों लोग विशाल टेंट कैंपों में शरण लिए हुए हैं। इससे पहले, इस्राइल ने निकासी का आदेश देने के बाद रविवार को उत्तरी गाजा में अल-अहली अस्पताल पर हमला किया। अस्पताल के अनुसार, निकासी के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। इसके अलावा, हमले में आपातकालीन कक्ष, फार्मेसी और आसपास की इमारतों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा। यरूशलम निवासी अस्पताल संचालक एपिस्कोपल डायोसीज ने हमले की निंदा की।

### इस्राइल के आरोपों को हमास ने किया खारिज

वहीं, इस्राइल ने अपने बचाव में कहा कि उसने अस्पताल के भीतर हमास कमांडर और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया था। बता दें कि इस्राइली सेना ने 18 महीने के युद्ध के दौरान कई बार अस्पतालों को निशाना बनाया है। इस्राइल ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अस्पतालों को छिपने और सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, हमास ने इस्राइल के आरोपों को खारिज कर दिया। वहीं, अस्पताल के कर्मचारियों ने भी इस्राइल के आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने इस्राइल पर नागरिकों को खतरे में डालने और क्षेत्र की स्वास्थ्य प्रणाली को नष्ट करने का आरोप लगाया है।

### हमास के हमले के बाद शुरू हुआ युद्ध

हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्तूबर, 2023 को दक्षिणी इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। मरने वालों में ज्यादातर नागरिक थे। इसके अलावा, हमास के आतंकवादियों ने 251 लोगों का अपहरण कर बंधक बना लिया था। जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइल ने भी गाजा पट्टी पर हमला किया, जिसके बाद हमास और इस्राइल के बीच युद्ध शुरू हो गया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइल के जवाबी हमले में 51,000 लोग मारे गए हैं। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि मरने वालों में कितने नागरिक और कितने लड़ाके हैं।

## बेकरी का काम करने वाले युवक से मारपीट

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,15 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।** बेकरी का काम करने वाले युवक से मारपीट करते हुए जान से मारकर तालाब में डाल देने की धमकी देने वाले युवकों के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

मोमिनपुरा मस्जिद के पास रहने वाले लक्की अंसारी ने पुलिस को बताया है कि 14 अप्रैल को रात करीब 9.50 बजे वह महाजन को पैसा देने अंकुर किराना जा रहा था। सदर रोड में नारायणा होटल के पास पहुंचकर वह सामान देने के लिए रूका था, उसी समय इमलीपार में रहने वाले अयान, अमान व उसके 2-3 अन्य साथी मिले, जो बेवजह गाली देते हुए हाथ,मुक्का,कड़ा, चाभी से मारपीट करने लगे। आस-पास के लोग इस दौरान बीच-बचाव करने लगे, तो आरोपी धक्का-मुक्की करते हुए उसे चम्बोथी तालाब की ओर ले जाने लगे। इनके द्वारा जान से मारकर तालाब में डाल देने की धमकी दी जा रही थी। यह देखकर किराना दुकान संचालक सहित अन्य लोग बीच-बचाव किए। रिपोर्ट पर पुलिस अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## बैंक से बाहर से स्कूटी चोरी, रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,15 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।** बैंक के बाहर से महिला कर्मचारी की स्कूटी अज्ञात चोर ने पार कर दी। पीड़िता की मां ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गुदरी चौक विजय मार्ग निवासी शोभा खन्ना ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह पुलिस को बताया है कि 9 मई को मेरी बेटी सिमरन स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सी एक्स 4286 से ड्यूटी एचडीएफसी बैंक खरसिया रोड गई थी। वह बैंक के बाहर स्कूटी खड़ी कर ड्यूटी कर रही थी। दोपहर में लंच के समय बाहर निकली तो उसकी स्कूटी नहीं थी। बैंक में लगे सीसीटीवी में एक युवक स्कूटी चोरी कर ले जाते कैद हुआ है। शोभा खन्ना की रिपोर्ट पर पुलिस विवेचना शुरू कर दी है।

# शेख हसीना और बेटे के खिलाफ गिरफ्तारी का नया वारंट जारी,भ्रष्टाचार के इन आरोपों में कार्रवाई तेज


**ढाका,15 अप्रैल 2025।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनके बेटे सजीब वाजेद और 16 अन्य लोगों के खिलाफ नए गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। ये कार्रवाई आवासीय भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर दर्ज दो मामलों में की गई है।

### क्या है मामला?

ढाका मेट्रोपोलिटन सीनियर स्पेशल जज की अदालत ने ये गिरफ्तारी वारंट एंटी करप्शन कमीशन (एसीसी) की चार्जशीट पर गौर करने के बाद जारी किए। आरोप है कि शेख हसीना और उनके करीबी लोगों ने राजधानी ढाका के बाहरी इलाके पुरबाचल न्यू टाउन में प्लॉट हासिल करने में नियमों का उल्लंघन किया। इस मामले में एक सरकारी वकील ने बताया कि अधिकांश आरोपी सरकारी अधिकारी हैं।

### कोर्ट ने क्या दिया आदेश





जज जाकिर हुसैन ने देशभर के कई पुलिस थानों को निर्देश दिया है कि वे 29 अप्रैल तक गिरफ्तारी की प्रगति रिपोर्ट पेश करें। सभी आरोपियों को फिलहाल भगोड़ा घोषित किया गया है। इससे पहले इसी अदालत ने हसीना की बेटी सायमा वाजेद पुतुल, बहन शेख रेहाना, ब्रिटिश सांसद तुलिप सिद्दीक, रेहाना के बेटे रदवान मुजीब सिद्दीक और 48 अन्य के खिलाफ भी इसी तरह के आरोपों में गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे।

### हसीना परिवार पर क्या आरोप हैं?

एंटी करप्शन कमीशन (एसीसी) का आरोप है कि शेख हसीना परिवार ने गुपचुप तरीके से 60 कट्ठा (करीब 1.86 एकड़) सरकारी जमीन अवैध रूप से हड़पी, जो पुरबाचल के सेक्टर 27 के राजनयिक जोन में आती है। इससे पहले, हाई कोर्ट ने एक जांच समिति बनाई थी जिसमें एक पूर्व जज को नियुक्त कर प्लॉट आवंटन की जांच का आदेश दिया गया था।

### हसीना और रेहाना पर कितने केस?

शेख हसीना और उनकी बहन रेहाना के खिलाफ मुझीब शताब्दी समारोह में 4,000 करोड़ टका खर्च करने का भी मामला दर्ज है। ये धनराशि राष्ट्रीय कोष से खर्च की गई, जबकि रेहाना का कोई आधिकारिक पद नहीं था। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने भी शेख हसीना और उनके सहयोगियों के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध और बलपूर्वक गायब करने जैसे गंभीर आरोपों में गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

### हसीना सरकार का पतन


5 अगस्त 2024 को छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसा के बाद हसीना सरकार गिर गई थी। उसके बाद से शेख हसीना भारत में निर्वासन में रह रही हैं। वहीं एंटी करप्शन कमीशन के अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल मोमेन ने कहा, चाहे वो कोई भी हो, अगर वह भ्रष्टाचार में लिप्त है तो कानून की प्रक्रिया एक जैसी होगी।


AMBIKAPUR GG PAPER 16 APRIL 2025_Layout 2 4/16/2025 2:07 PM Page 5



श्री हरि गौशाला धनपुर में 300 उत्पाद तैयार करने विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन संपन्न,जैविक खेती,गौमूत्र और गोबर से उत्पाद तथा किसानों को मिले प्रशिक्षण,गौशाला का मूल उद्देश्य

# कही गाय भी विलुप्तता की श्रेणी में ना हो जाय शामिल,हर घर में हो एक देशी गाय:विधायक










-संवाददाता-
एमसीबी,15 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

जिले में जैविक खेती और किसानों को प्रशिक्षण देने के दूरगामी सोच को लेकर श्री हरि गौ शाला में चिंतन मनन और सामूहिक रूप से सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने ग्राम घनपुर के गौशाला में बैठक आयोजित हुई,जिसमें स्वास्थ्य मंत्री समेत चिरमिरी नगर पालिक निगम के महापौर राम नरेश राय,सभापति संतोष सिंह,संघ संचालक कोरिया,विभाग संघ संचालक, सह विभाग संघ संचालक और पूर्व जिला अध्यक्ष,पूर्व जनपद अध्यक्ष समेत कई हस्तियां शामिल हुई।

ज्ञात हो कि 2016, 2017 में श्री हरि गौ शाला की नींव रखी गई थी किंतु अपरिहार्य कारणों से पूर्ण रूप से विस्तार नहीं हो सका था लेकिन गौशाला समिति ने अब आगामी कुछ माह में चालू करने का निर्णय लिया है। बताया गया कि श्री हरि गौशाला जन सहयोग के माध्यम एक बड़े प्रोजेक्ट के रूप में संचालित करने की मंशा गौशाला समिति रखती है। समिति इस गौशाला से आय अर्जन करने की बजाय निराश्रित,दुर्बल गायों की सेवा से पुण्य लाभ अर्जन करने का प्रयास है और गोबर तथा गौमूत्र से भारत में बनने वाले लगभग 300 प्रॉडक्ट्स तैयार कर गौशाला को स्वावलंबी बनाने की दिशा में आज की बैठक आयोजित की गई थी। इसके साथ ही बताया गया कि यहां सेवा भावना के साथ साथ किसानों को जैविक खेती से होने वाले फायदों की जानकारी देकर एक बड़ा प्रशिक्षण केंद्र में विस्तार करने की योजना है जिसका उपस्थित अतिथियों ने सहस्त्र सहयोग करने की बात स्वीकार की। विदित हो कि 2016 से गौशाला की जब से नींव रखी गई है तब से यहां कुछ ना कुछ काम होता चला आ रहा है किंतु सुचारू रूप से आज भी गौशाला प्रारंभ नहीं हो सका है इसी तारतम्य में बैठक आयोजित कर आगामी दो तीन माह के भीतर प्रारंभ करने की दिशा में विचार साझा किए गए। बैठक में आए जिला संघ संचालक कोरिया नीरज कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज रासायनिक खाद हमारे जीवन को काफी हद तक प्रभावित कर रही है, आप देखते और सुनते होंगे कि हमारे देश प्रदेश और जिले में कई ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने अपने जीवन काल में किसी प्रकार का व्यसन नहीं अपनाया फिर भी वे बड़ी बीमारी शुगर,थायराइड,रक्तचाप,कैंसर से पीड़ित है, इसकी बड़ी वजह रासायनिक खाद है। देशी गायों से मिलने वाला दूध, दही और घी जबकि इन रोगों में मदद करता है बाबजूद चिकित्सक परहेज करने की सलाह देते है क्योंकि अब ज्यादातर दूध, दही और घी विदेशी नस्लों से प्राप्त होता है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की बजाय नुकसान करता है। भारत में ही देशी गायों के गोबर और गौमूत्र से लगभग 300 प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे है जो हमेशा ही औषधिक रूप में प्रयोग किया जाता है तो आने वाले समय की परिकल्पना को लेकर इस श्री हरि गौशाला प्रकल्प को इसी दिशा में विकसित करने का विचार हम सब का है। प्रशिक्षण देकर किसानों को उनके खेती में लाभ मिलेगा और जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा इससे हमारा यह प्रकल्प आस पास के सटे जिलों का इकलौता केंद्र बनेगा। इसी प्रकार विभाग संघ संचालक, सह संचालक तथा पशु चिकित्सक ने सरकार की तरफ से पशु पालन से मिलने वाली सहायता के बारे में अपनी राय दी। इस अवसर पर 2016 से अपनी अहम भूमिका निभाने वाले स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि बीते 05 सालों में प्रकल्प के विस्तार में थोड़ी रुकावट जरूर आई है लेकिन अब सबके सहयोग से जल्द ही प्रकल्प को प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल प्रकाश की व्यवस्था के अनुरूप विधायक निधि से एक ट्रांसफर लगाने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है इसके साथ ही धनपुर सरपंच द्वारा सुसज्जित सामुदायिक भवन निर्माण करा दिया जाएगा जिससे यहां आने वाले लोगों को रुकने या अन्य जरूरतों के लिए जद्दोजहद करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्री जायसवाल ने इस बीच श्री हरि गौशाला को जमीन दान करने वाले परिवार को श्रीफल भेंट कर सम्मानित करने का भी काम किए। चिंतन मनन की बैठक में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि धनपुर गांव का यह श्री हरि गौशाला जिसका हम लोग 2016 से निर्माण कर रहे है लेकिन अब अंतिम घड़ी आ गई है जब हम लोग इसकी शुरुआत करने वाले है और आज इसी को लेकर चिंतन मनन की बैठक आयोजित हुई है। उन्होंने आगे कहा कि इन नौ सालों में समिति ने ना हार माना है ना रार माना है निरंतर आगे बढ़ाने का काम किए है। श्री जायसवाल ने आगे एक चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जैसा बताया जा रहा की गौशाला की शुरुआत धनपुर गांव के 100 गायों से की जाएगी जो जन सहयोग से किसान हमे देंगे इस पर उन्होंने कहा कि यह पहले का चिन्हांकन हो सकता है लेकिन अब गांव में भी गायों की संख्या बड़ी तेजी से घटी है शायद पूर्व में जो आप लोगों के द्वारा चिन्हांकन करीब 1100 गायों की हुई थी वो भी अब घटकर 300 से 400 के आसपास ही होगी क्योंकि अब लोग गाय को चराना नहीं चाहते है खेती बाड़ी के समय दूर जंगलों की ओर गायों को खदेड़ रहे है और ऐसा ना हो कि देशी गाय विलुप्त प्रजाति की श्रेणी में शामिल हो जाय इसलिए गायों का संवर्धन जरूरी है। वैसे भी हमारे सनातन धर्म में गौ माता की जो महिमा है उसके बिना हमारा कोई भी काम शुरू नहीं हो सकता है। धार्मिक अनुष्ठान हो या जीवन जीने के लिए आवश्यक तत्व दोनों में गायों की बड़ी महता है। उन्होंने आगे कहा कि बड़ी चिंताजनक बात है जब मैं देखता हु कि मिलावटी पनीर तैयार किया जा रहा है वो भी बिना दूध के यानि रासायनिक रूप से केमिकल वाला पनीर बाजार में खपाने के लिए तैयार किया जाता है और मैं उस विभाग का मंत्री हूं तो ऐसे में लगता है कि प्रदेश में श्री हरि गौशाला की तर्ज पर गाय के संवर्धन की आज जरूरत है और प्रत्येक घर में अपने उपयोग के लिए कम से कम एक देशी गाय का पालन होना चाहिए। अंत में श्री जायसवाल जी ने समाज से अपील करते हुए कहा कि प्रारंभ में करीब 10 से 12 लाख रुपए की आवश्यकता है तो जिनको भी सहयोग करना है आने वाले 15 दिनों के भीतर में कर दे ताकि बरसात से पूर्व भूसा चारा और सेड जैसे निर्माण को गति दिया जा सके, इसके साथ उन्होंने स्वयं हर संभव मदद एक जनप्रतिनिधि के रूप में करने का आश्वासन समिति को दिया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रणव चक्रवर्ती,जगलाल सिंह,मोतीलाल अध्यक्ष श्री हरि गौशाला,ललितेश जी, महापौर नगर निगम चिरमिरी राम नरेश राय, सभापति संतोष सिंह,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह,श्रीमती सोनमति ऊररे पूर्व जनपद अध्यक्ष खड़गवा,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत वीरेंद्र सिंह करियांम,सरपंच सागर सिंह धनपुर,अरुणोदय पांडे, द्वारिका जायसवाल,सुरेश साहू,अभय जायसवाल,धनंजय पांडे,काकू दा,शिलाकांत झा, विवेक द्विवेदी,पशु चिकित्सक अजगले सहित भारी संख्या में ग्रामीण तथा गौसेवक उपस्थित रहे।

## पत्नी की हत्या कर मासूम बेटे संग फरार पति को पुलिस ने लोरमी से किया गिरफ्तार



-संवाददाता-
कोरबा,15 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दो वर्षीय मासूम बेटे को लेकर फरार हुए आरोपी राजकुमार यादव को थाना कोतवाली पुलिस ने लोरमी (जिला मुंगेली) से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 103 बीएनएस के तहत हत्या का मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामसागरपारा कोरबा निवासी रत्ना राजपूत ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 22 वर्षीय बेटी दुर्गा राजपूत अपने पति राजकुमार यादव और दो बच्चों के साथ उसके घर में रह रही थी। 13 अप्रैल को दोपहर 12 से 1 बजे के बीच घर में केवल दंपती और दोनों बच्चे मौजूद थे। इस दौरान पति-पत्नी में विवाद हुआ, जिसके बाद राजकुमार यादव अपने दो वर्षीय बेटे रियांश को साथ लेकर घर में ताला लगाकर फरार हो गया। बाद में बच्चे के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी संतोष ने अन्य लोगों की मदद से ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया, जहां दुर्गा राजपूत का शव बिस्तर पर पड़ा मिला और छोटा बेटा शव के पास बैठा रो रहा था। इस पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक 19/2025 धारा 194 बीएनएस दर्ज कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया । डॉक्टर की रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि होने के बाद धारा 103 बीएनएस के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितीश ठाकुर और नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एमबी पटेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम में उप निरीक्षक नागेश तिवारी, शारदा वर्मा, सउनि टंकेश्वर यादव, आरक्षक कवल चन्द्रा और कौशल प्रसाद महिलांगे शामिल थे। टीम ने आरोपी की तलाश में सारसडोल (अचानकमार),नगचुरी (कोटा), चिंगराज पारा (बिलासपुर) और लोरमी में लगातार दबिश दी। अंततः मुखबिर की सूचना पर 15 अप्रैल को लोरमी बस स्टैंड के पास से आरोपी को उसके बेटे के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी दुर्गा उस पर चरित्र को लेकर संदेह करती थी, जिससे घर में अक्सर विवाद होता था। 12 अप्रैल को दुर्गा का जन्मदिन मनाया गया था, लेकिन रात में भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ। अगले दिन फिर विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गुस्से में आकर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और बेटे को लेकर फरार हो गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना कोतवाली पुलिस की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## शत्रु संपत्ति मामलों पर कैम्प न्यायालय लगाकर कलेक्टर ने की सुनवाई

-संवाददाता-
सूरजपुर,15 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

जिला सूरजपुर के तहसील भटगांव अंतर्गत ग्राम चंद्रमेढ़ा में स्थित शत्रु संपत्ति मामले के निराकरण के संबंध में कलेक्टर एवं पदेन उपअभिरक्षक श्री एस.जयवर्धन द्वारा एक दिवसीय कैंप न्यायालय का आयोजन कर मामलों की सुनवाई की गई।

वर्तमान स्थिति के अनुसार भटगांव तहसील क्षेत्र में शत्रु संपत्ति भूमि तहसील के जिन लोगों के नाम पर दर्ज है अथवा कब्जे में है, उनके पक्ष को जानने के लिए कैंप न्यायालय का आयोजन किया गया। इस कैंप न्यायालय का आयोजन ग्राम पंचायत भवन चंद्रामेढ़ा में किया गया । इस दौरान उपस्थित एवम संबंधित लोगों का पक्ष सुना गया। इस अवसर पर तहसीलदार भटगांव एवं राजस्व निरीक्षक भटगांव सहित अधीक्षक भू अभिलेख सूरजपुर एवं पक्षकार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## भूख हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव की दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत

-संवाददाता-
कोरबा,15 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।



कोरबा जिले के पाली ब्लॉक में शासकीयकरण की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सचिव 17 मार्च से चल रहे प्रदेश व्यापी हड़ताल के तहत क्रमिक भूख हड़ताल में शामिल था। चौथे दिन की तपती गर्मी और कमजोरी के चलते उसे हार्ट अटैक आया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह दुखद घटना कोरबा जिले के पाली ब्लॉक में घटित हुई। यहां जनपद पंचायत कार्यालय के निकट पंचायत सचिवों ने अपना पंडाल लगाया हुआ है और वह यहां पर मांग के संबंध में हड़ताल कर रहे हैं। इन्हीं में शामिल ग्राम उड़ता के निवासी व कुटेलामुड़ा पंचायत के सचिव राजकुमार कश्यप 54 वर्ष को दोपहर के वक्त एकाएक तबीयत खराब होने की शिकायत हुई। उन्हें जब पाली के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया तो चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत हार्ट अटैक से मृत्यु होना घोषित कर दिया। यह खबर मिलते ही सचिवों में शोक की लहर दौड़ पड़ी वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस घटना के साथ ही आंदोलनरत सचिवों में रोष मिश्रित शोक की लहर दौड़ गई है। मृत सचिव के परिजनों में कोहराम मच गया है। पंचायत सचिव संघ ने इसे सरकार की अनदेखी का नतीजा बताया है और आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है।

## शासकीय बोर उत्खनन का हो रहा है दुरूपयोग

### ग्रामीणों को नहीं मिल रहा बोर उत्खनन का नहीं मिल रहा है लाभ

-संवाददाता-
खड़गवां,15 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।



ग्राम पंचायत सिंघत में ग्राम पंचायत के पास शासकीय बोर का उत्खनन किया गया है और ये बोर का उत्खनन पंचायत भवन सिंघत के नाम पर किया गया है और इस बोर उत्खनन की राशि का भुगतान भी ग्राम पंचायत के द्वारा किया गया है। जबकि इस बोर उत्खनन से स्थानीय ग्रामीणों के उपयोग एवं निस्तार के लिए कराया गया है। जहा स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत भवन के नाम पर किया गया बोर का उपयोग निजी रूप से बगल में निवासी राम सिंह इस शासकीय बोर में ट्यूबवेल पंप लगाकर किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। यहां बोर उत्खनन सरपंच रामनारायण सिंह और पंचायत सचिव विमलेश रजवाड़े के कार्यकाल में कराया गया है इस ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार के अनेको कार्य इस ग्राम पंचायत के अंदर हुए है। कोरोना काल के समय कि राशि पंचायत विकास के नाम पर जारी कर फर्जी कागजी कार्यवाही पूर्ण कर आहरित कर ली गई डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के नाम पर फर्जी बिल लगाकर राशि आहरित कि गई है। राजीव युवा मितान के नाम पर जारी राशि को भी बंदरबांट किया गया है। पूर्व सरपंच के द्वारा पिछले कार्यकाल मे धरातल पर कुछ कार्य किए बगैर ही फर्जी राशि आहरण कर ली गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि जनपद सीईओ रुपेश बंजारे जी को जानकारी देने पर कहाँ कि मै अभी नया नया आया हूँ तो ये सब जानकारी नहीं है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश्वरी देवी पत्नी बसंत कुजूर जाति उरांव निवासी मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 114/2 रकबा 0.024 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, राजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 01/05/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 5/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा,(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. 202503021700261
अ. 27/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बहोरन पैकरा आ0 स्व0 बुची, निवासी ग्राम ठाकुरपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम ठाकुरपुर स्थित भूमि कुल खसरा नंबर 08 कुल रकबा 0.56300 हे0 भूमि का अपने जीवन काल में खाता बटवारा कराने बावत् आवेदन छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178(क) के तहत् प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/04/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
अंबिकापुर-02

CMYK

AMBIKAPUR GG PAPER 16 APRIL 2025_Layout 2 4/16/2025 2:07 PM Page 6



# जब ग्राम पंचायत खुले में शौच मुक्त घोषित, तो शौचालय के इतने आवेदन क्यों?

- सुशासन तिहार में ग्राम पंचायत छिंदिया में आए हैं लगभग 750 आवेदन
- अधिकांश आवेदन शौचालय और प्रधानमंत्री आवास के लिए
- जब पंचायत बीते पंचवर्षीय ही ओडीफ,तो शौचालय के आवेदन खड़ा करते हैं प्रश्न चिन्ह
- क्या शासन की महती शौचालय योजना का लाभ नहीं मिला हितग्राहियों को?
- पूर्व में हुए शौचालय निर्माण की होनी चाहिए गहन जांच-उपसरपंच








-रवि सिंह-
कोरिया,15 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

2014 से जब केंद्र में सत्ता परिवर्तन हुआ और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, इसी समय से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन का आगाज हुआ था। और स्वच्छता के साथ-साथ भारत में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक ग्राम में प्रत्येक परिवार के लिए शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का प्रयास प्रारंभ हुआ। जिसके लिए केंद्र सरकार ने राज्यों के हिस्सेदारी को लेते हुए वर्तमान समय तक विपुल धनराशि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए जारी की। लोगों को शौचालय के महत्व और उसके उपयोग के लाभ के प्रति जागरूक करने के लिए सैकड़ो प्रकार के प्रयास किए गए, स्वच्छता और शौचालय के प्रति अलख जगाने के लिए पूरी सरकार और पूरा तंत्र झोंक दिया गया। परिणाम स्वरूप जहां-जहां ईमानदारी से कार्य हुए वह पूरा क्षेत्र खुले में शौच मुक्त मुक्त क्षेत्र घोषित हुआ। लाखों ग्राम पंचायत भी इसी तरह खुले में शौच मुक्त ग्राम घोषित हुए। परंतु धरातल स्थिति कुछ और ही नजर आती है। अभी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा तीन चरणों का सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। जिसका प्रथम चरण समाप्त हुआ है, जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय क्षेत्रों में अपनी शिकायतें और अपनी-अपनी मांगों से संबंधित आवेदन देने के लिए शिविर लगाए गए। इसी अनुक्रम में ग्राम पंचायत छिंदिया में भी सुशासन तिहार के प्रथम चरण में आवेदन लेने के लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक चार दिवसीय शिविर पंचायत भवन में लगा। जिसमें पंचायत वासियों द्वारा लगभग 750 आवेदन अपनी मांग और शिकायतों के संबंध में प्रस्तुत किए गए। इन आवेदनों में सबसे ज्यादा आवेदन शौचालय और प्रधानमंत्री आवास के लिए आए। सोचने वाली बात यह है कि विगत पंचवर्षीय ही ग्राम पंचायत छिंदिया खुले में शौच मुक्त ग्राम घोषित हो चुका है, अर्थात ग्राम पंचायत छिंदिया के प्रत्येक घर में शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित हो गई है, और ग्राम पंचायत को ओडीफ होने का प्रमाण पत्र मिला है। तब इतनी बड़ी तादाद में शौचालय के लिए आवेदन आना बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

## जब पंचायत बीते पंचवर्षीय ही ओडीफ,तो शौचालय के आवेदन खड़ा करते हैं प्रश्न चिन्ह

जब ग्राम पंचायत छिंदिया को बीते पंचवर्षीय ही खुले में शौच मुक्त ग्राम घोषित कर दिया गया, तो सुशासन तिहार के प्रथम चरण में शौचालय के लिए सैकड़ो की संख्या में आने वाले आवेदन कहीं ना कहीं ओडीएफ ग्राम घोषित होने के प्रमाण पत्र पर सवालिया निशान लगाते हैं। इससे यही नजर आता है कि प्रशासन द्वारा ओडीएफ घोषित करने के पूर्व पंचायत का निरीक्षण नहीं किया गया या फिर प्रत्येक घर में शौचालय होने की गलत जानकारी उच्च अधिकारियों को प्रदान किया गया। संभावना इस बात की भी है कि सरकार द्वारा हितग्राहियों के लिए शौचालय निर्माण के लिए जारी की गई राशि में गड़बड़ी की गई हो और हितग्राहियों को अंधेरे में रखकर उनके परिवार के लिए आए हुए शौचालय की योजना का केवल कागजी क्रियान्वयन किया गया हो। संभावना इस बात की भी है कि शौचालय निर्माण में लापरवाही पूर्वक घटिया निर्माण को अंजाम दिया गया हो, जो कम समय में ही ध्वस्त हो गया और उपयोग लायक नहीं रहा। बहरहाल उपरोक्त में से कारण कोई भी हो, नुकसान सीधा-सीधा आम जनता का है। और केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना पर धरातल पर पलीता लगता नजर आ रहा है। हां कागजों में सब कुछ अच्छा-अच्छा दिख रहा है।

## क्या शासन की महती शौचालय योजना का लाभ नहीं मिला हितग्राहियों को?

सुशासन तिहार में आए आवेदन से लगता है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रत्येक परिवार के लिए शौचालय निर्माण का समुचित लाभ पूर्व में ग्राम पंचायत छिंदिया के ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है। जिस कारण इतनी तादाद में लोगों ने सरकार से शौचालय निर्माण की मांग रखी है। यदि पंचायत में समस्त परिवारों के पास स्वयं का शौचालय नहीं है, तो ग्राम पंचायत ओडीएफ कैसे घोषित हुआ। प्राप्त आवेदनों के आधार पर यही लगता है, कि पंचायत को ओडीएफ घोषित करने में जल्दबाजी की गई और केवल कागजी प्रमाण प्रस्तुत किए गए जिनका भौतिकता से कोई लेना देना नहीं।

## पूर्व में हुए शौचालय निर्माण की होनी चाहिए गहन जांच:उपसरपंच

सुशासन तिहार में आए आवेदनों पर यही लगता है कि पंचायत के समस्त परिवारों के पास शौचालय उपलब्ध नहीं है, और बिना शौचालय के ग्राम पंचायत ओडीएफ घोषित हुआ है, तो यह जांच का विषय है। क्या परिवारों के लिए, हितग्राहियों के लिए राशि जारी नहीं हुई, या फिर जारी की गई शौचालय निर्माण की राशि का बंदरबांट किया गया, या शौचालय निर्माण केवल कागजों में खाना पूर्ति का माध्यम बना। इसकी जांच होनी चाहिए और उचित कार्यवाही होनी चाहिए।

# केशगंवा की महिलाएं अब जैविक खेती के जरिये आत्मनिर्भरता की नई मिसाल गढ़ रही...



-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,15 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के सोनहत विकासखण्ड स्थित ग्राम केशगंवा की महिलाएं अब जैविक खेती के जरिये आत्मनिर्भरता की नई मिसाल गढ़ रही हैं। यहां स्व-सहायता समूह की 20 महिलाओं ने उद्यानिकी विभाग की मदद से 3 एकड़ भूमि पर करेला, टमाटर, मिर्ची और लौकी जैसी मौसमी सब्जियों की खेती की है, जिसमें रासायनिक खाद या कीटनाशकों का कोई प्रयोग नहीं किया गया। यह फसल अब खेतों में लहलहा रही है और इन महिलाओं के चेहरों पर आत्मविश्वास और आशा की मुस्कान दिख रही है।

कलेक्टर ने की प्रशंसा, बताया आय का सशक्त जरिया- विगत दिनों ग्राम भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने खेतों का निरीक्षण किया और समूह की महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के प्रयास महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। जैविक खेती न केवल पर्यावरण के लिए बेहतर है, बल्कि इससे परिवार की आय में भी वृद्धि होगी।

शुद्धता और स्वाद का मेल- जैविक सब्जियां- यहां कार्यरत महिलाओं ने बताया कि ये सब्जियां पूरी तरह जैविक हैं और इनका स्वाद बाजार की आम सब्जियों से अलग और अधिक पौष्टिक होगी। इन सब्जियों को स्थानीय थोक मंडियों और फुटकर विक्रेताओं को बेचा जाएगा,जिससे नियमित आय सुनिश्चित होगी।

## परिवार,समाज और पर्यावरण तीनों को लाभ

इस पहल से न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधरेगी,बल्कि उनके आत्मविश्वास, सामाजिक पहचान और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगी। यह ग्रामीण महिलाएं अब खुद को 'किसान' कहने में गर्व महसूस कर रही हैं। गांव की एक महिला सदस्य ने कहा,पहले हम सिर्फ घर तक सीमित थीं,लेकिन कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन,मदद, सुझाव और हमारी मेहनत ने हमारी पहचान खेत और किसान बन गया है। हमें यकीन है कि यह शुरुआत भविष्य में सुखद बदलाव करेगी।

# लटोरी क्षेत्रों से अवैध गिट्टी परिवहन करते हुए 03 वाहन किया गया जप्त



-संवाददाता-
सूरजपुर,15 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार खनिज अमला सूरजपुर द्वारा खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम पर लगातार कार्यवाही करते हुए ग्राम खड़गवाँकला, लटोरी क्षेत्रों से अवैध गिट्टी परिवहन करते 03 वाहन जप्त कर पुलिस थाना अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। इन सभी अवैध परिवहनकर्ताओं पर खनिज नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# सुशासन तिहार के प्रथम चरण में जिलेभर से लगभग 62 हजार आवेदन हुए प्राप्त

**बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत क्षेत्र से 49 हजार,सोनहत से 10,300 तथा नगर पालिका बैकुण्ठपुर, शिवपुर-चरचा व नगर पंचायत पटना से लगभग 2,100 आवेदन समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त हुए**

**सुशासन तिहार में मिले आवेदनों की तेजी से करें ऑनलाइन एंट्री और निराकरण:डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी**





-संवाददाता-
बैकुंठपुर,15 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

जिले में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण एवं ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने की। डॉ. चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक चले सुशासन तिहार के प्रथम चरण में जिलेभर से लगभग 62 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत क्षेत्र से 49 हजार,सोनहत से 10,300, तथा नगर पालिका बैकुण्ठपुर, शिवपुर-चरचा व नगर पंचायत, पटना से लगभग 2,100 आवेदन समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा 3,300 आवेदन ऑनलाइन भी प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों की शीघ्र ऑनलाइन एंट्री कराई जाए,ताकि समाधान की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। इसके लिए कम्प्यूटर ऑपरेटरों के माध्यम से विभागवार एंट्री कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं जिन कम्प्यूटर ऑपरेटर को एंट्री करने का दायित्व सौंपा गया है, उस कार्य की सतत निगरानी रखें और सभी आवेदन सप्ताह के भीतर एंट्री कराया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल आवेदन की प्रविष्टि ही नहीं, बल्कि उनका त्वरित निराकरण भी अनिवार्य है। साथ ही आवेदकों को सम्बंधित कार्यवाही की जानकारी देना भी आवश्यक है, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिल सके। डॉ. चतुर्वेदी ने यह भी कहा कि जिन आवेदनों का निराकरण जिला स्तर पर संभव नहीं है,उन मामलों की जानकारी शासन व संचालनालय को अवगत कराई जाए। वहीं,यदि कोई आवेदन अपूर्ण स्थिति में प्राप्त हुआ हो, तो संबंधित आवेदकों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाए। अंत में उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है और इसमें सभी अधिकारियों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

### कलेक्टर अजीत वसंत ने समय सीमा की बैठक में कहा

# सुशासन तिहार के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



-संवाददाता-
कोरबा,15 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की स्थिति और इसके निराकरण की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त सभी आवेदन की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने के साथ ही निर्देशित किया कि 5 मई से प्रारंभ हो रहे समाधान शिविर के पूर्व सभी आवेदन का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर की तैयारी को लेकर जिला पंचायत सीईओ,नगर निगमायुक्त और एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए और शिविर स्थल में आवेदन जमा करने वाले के आवेदन पर की गई कार्यवाही का वाचन भी करना है। उन्होंने राजस्व विभाग अंतर्गत सीमांकन,नामान्तरण, अविवादित नामांतरण,अविवादित बटवारा, खाद्य विभाग अंतर्गत राशनकार्ड बनाने, पेंशन,शौचालय की मांग का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी नोडल अधिकारियों को मॉनिटरिंग करने और क्लस्टर अनुसार ग्राम पंचायत के आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश देते हुए कोई भी शिकायत लम्बित नहीं रखने तथा गुणवत्तापूर्ण निराकरण नहीं किए जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने सुशासन तिहार अंतर्गत अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों ने उम्मीद और विश्वास के साथ आवेदन दिए हैं, सभी आवेदन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इसमें किसी तरह की लापरवाही या चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## हाई स्कूल सर्टिफिकेट ओपन परीक्षा सफलतापूर्वक हुई संपन्न

-संवाददाता-
सूरजपुर,15 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट ओपन परीक्षा मार्च-अप्रैल-2025 की कक्षा 10 वीं,विषय-अर्थशास्त्र की परीक्षा जिले के निर्धारित 09 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। जिसमें कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-112 में 97 उपस्थित एवं 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, श्रीमती भारती वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के द्वारा विकासखण्ड- भैयाथान के अंतर्गत संचालित परीक्षा केन्द्र क्र. 26-03 का औचक निरीक्षण किया गया जहां कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या 12 में 12 उपस्थित पाये गये एवं 01 नकल प्रकरण बनाया गया। जिले के अन्य समस्त परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित हुई।

CMYK

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना
खेल एवं मनोरंजन समाचार
अम्बिकापुर,बुधवार 16 अप्रैल 2025


# बांग्लादेश सीरीज के लिए बी सी सी आई ने किया शेड्यूल का ऐलान



### कब और कहां मुकाबले खेलेगी टीम इंडिया

**ढाका,15 अप्रैल 2025।** अगस्त 2025 में इंग्लैंड का दौरा समाप्त होने के बाद भारतीय टीम बांग्लादेश दौरे पर जाएगी। भारत और बांग्लादेश के बीच 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज होगी। इस लिमिटेड ओवर्स सीरीज के लिए बीसीसीआई ने शेड्यूल जारी कर दिया है। बांग्लादेश का यह दौरा 17 अगस्त को शुरू होगा और 31 अगस्त तक चलेगा। दौरे की शुरुआत वनडे सीरीज से होगी। वनडे सीरीज के तीनों मैच 17, 20 और 23 अगस्त को खेले जाएंगे, जबकि टी-20 इंटरनेशनल मैच 26, 29 और 31 अगस्त को होंगे। यह छह मुकाबले मीरपुर और चट्टोग्राम में खेले जाएंगे।

### भारत बनाम बांग्लादेश वनडे सीरीज का शेड्यूल

पहला वनडेः 17 अगस्त- मीरपुर
दूसरा वनडेः 20 अगस्त- मीरपुर
तीसरा वनडेः 23 अगस्त- चट्टोग्राम

### भारत बनाम बांग्लादेश 20 सीरीज का शेड्यूल

पहला टी-20ः 26 अगस्त- चट्टोग्राम
दूसरा टी-20ः 29 अगस्त- मीरपुर
तीसरा टी-20ः 31 अगस्त- मीरपुर

### आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे पर जाएगी टीम इंडिया

बता दें कि इस वक्त सभी भारतीय खिलाड़ी इस समय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें संस्करण में खेल रहे हैं। आईपीएल के खत्म होने के बाद टीम इंडिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी। टीम इंडिया जून, जुलाई और अगस्त के महीनों में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इंग्लैंड सीरीज 4 अगस्त को खत्म होगी। भारत का घरेलू सीजन अक्टूबर के महीने में शुरू होगा। अक्टूबर में वेस्टइंडीज की टीम भारत दौरे पर आएगी।

### वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका की टीम आएगी भारत दौरे पर

भारत का घरेलू सीजन 2 अक्टूबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ शुरू होगा। इसके बाद नवंबर-दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका की टीम भारत का दौरा करेगी। दोनों टीमों के बीच दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी-20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जाएगी। दो घरेलू सीरीज के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जहां तीन वनडे और पांच टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले जाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस महीने की शुरुआत में सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा की थी, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी। वहीं टी-20 सीरीज की शुरुआत 29 अक्टूबर से होगी।

# चेन्नई की टीम कर सकती है प्ले ऑफ में एंट्री



**चेन्नई,15 अप्रैल 2025।** चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम ने आखिरकार आईपीएल के इस सीजन का दूसरा मैच जीत लिया है। टीम ने एलएसजी को 5 विकेट से करारी मात दी। हालांकि इस जीत के बाद भी टीम को ज्यादा फायदा तो नहीं मिला है, यानी सीएसके अभी भी दसवें नंबर पर है। लेकिन इतना जरूर है कि टीम की प्लेऑफ में जाने की संभावनाएं जरूर नए सिरे से जीवित हो उठी हैं। टीम अभी भी टॉप 4 में जा सकती है। लेकिन इसके लिए कई सारे समीकरण ठीक से बिठाने होंगे।

### सीएसके के लीग फेज में सात और मैच बाकी

सीएसके की टीम अब इस साल के आईपीएल में दो मैच जीत चुकी है। ये उसका सातवां मैच था। यानी टीम को अभी भी लीग फेज में 7 और मैच खेलने हैं। सीएसके की टीम यहां से अपने बचे हुए सभी मैच जीत जाए तो प्लेऑफ में जा सकती है। सात मैच जीतने का मतलब होगा कि 14 अंक। टीम के पास चार अंक पहले से ही हैं, अगर इन्हें भी जोड़ दिया जाए तो कुल अंक 18 होते हैं। 18 अंक लेकर टीम आसानी से टॉप 4 में जा सकती हैं। अक्सर टीमें 14 अंक लेकर भी प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं। यहां तो हम 18 अंक की बात कर रहे हैं।

### अभी भी सभी 10 टीमें प्लेऑफ की रेस में

कुल मिलाकर देखें तो अभी तक 10 में से एक भी टीम ना तो प्लेऑफ में पहुंची है और ना ही बाहर हुई है। सभी टीमें टॉप 4 की रेस में बनी हुई हैं। हां, इतना जरूर है कि जो टीमें इस वक्त 8 अंक हासिल कर चुकी हैं, उनके लिए आगे की राह आसान होगी, वहीं जो टीमें नीचे यानी चार अंक पर हैं, उनके लिए थोड़ी सी मुश्किल होगी, लेकिन प्लेऑफ के दरवाजे सभी के लिए खुले हुए हैं। आने वाले मैच और भी रोचक होंगे, इसकी पूरी उम्मीद की जा सकती है।

## संक्षिप्त खेल खबर

### ग्रोक ने यूसीएल क्वार्टर फाइनल के विजेता की भविष्यवाणी की



**लंदन,15 अप्रैल 2025।** एफसी बार्सिलोना और बोरुसिया डॉर्टमुंड यूईएफए चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में एक दूसरे के खिलाफ़ भिड़ने के लिए तैयार हैं। क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में दोनों टीमों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें कैटलन ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को हराकर घरेलू मैदान पर 4-0 से जीत हासिल की थी। अब जब दूसरा चरण जर्मनी में होने वाला है, तो एक्स के एआई चैटबॉट ग्रोक से पूछा गया कि उसे क्या लगता है कि मैच कौन जीतेगा। क्या यह एफसी बार्सिलोना होगा जो वर्तमान में 4-0 की बढ़त बनाए हुए है या डॉर्टमुंड टाई को पलटने में सक्षम होगा?

### बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल 2025 के लिए 14 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली,15 अप्रैल 2025।** बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप



फाइनल 2025 के लिए 14 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की है, जिसमें दुनिया की 10वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। टीम में पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु,विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय भी शामिल हैं। द्विवार्षिक टूर्नामेंट, जो विश्व मिश्रित टीम चैंपियनशिप है, 27 अप्रैल से 4 मई तक चीन के जियामेन में आयोजित किया जाएगा। भारत ने अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर प्रतिष्ठित मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए अर्हता प्राप्त की और पहले ग्रुप डी लाइनअप से अपने नॉकआउट स्थान को सुरक्षित करने की कोशिश करेगा जिसमें पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और इंग्लैंड भी शामिल हैं। चयनकर्ताओं ने कुछ चोटों की चिंताओं के बावजूद सभी पांच श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ संभव संयोजन चुना है।

# श्रेयस अय्यर को मिला आईसीसी की तरफ से ये खास अवॉर्ड

### रचिन रवींद्र जैसे खिलाड़ियों को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली,15 अप्रैल 2025।** स्टार भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मार्च 2025 के लिए आईसीसी की तरफ से प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिला है। भारत के इस मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज ने न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ते हुए इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड को अपने नाम किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को इसका ऐलान किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने टूर्नामेंट में 243 रन बनाए थे और भारत के लिए हाईएस्ट रन-स्कोरर थे। श्रेयस अय्यर ने टूर्नामेंट में कई महत्वपूर्ण पारियां खेली और टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में बड़ी भूमिका निभाई।



### अवॉर्ड मिलने के बाद श्रेयस ने कही दिल की बात

आईसीसी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर श्रेयस अय्यर का रिएक्शन सभी के बीच शेयर किया है। आईसीसी की तरफ से ये अवॉर्ड मिलने के बाद अय्यर ने कहा, वह मार्च महीने के लिए आईसीसी के मेन्स प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह अविश्वसनीय तौर पर स्पेशल है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी उठाई हो- एक ऐसा पल जिसे हमेशा संजोकर रखेंगे।

### चैंपियंस ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर के बल्ले से निकले खूब रन

चैंपियंस ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच में 79 गेंद पर 98 रनों की पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 45 गेंदों में 62 रनों की अहम पारी खेली थी। श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में 48 गेंदों पर 62 रन बनाए थे और भारत को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

### आईपीएल 2025 में भी शानदार फॉर्म में हैं श्रेयस अय्यर

श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी वाला फॉर्म आईपीएल 2025 में भी जारी रखा है। पंजाब किंग्स के कप्तान अब तक 5 मैचों में 250 रन बना चुके हैं। इस सीजन श्रेयस अब तक 3 अर्धशतकीय पारियां खेली हैं और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 208.33 का रहा है। अय्यर अब सीजन के बचे हुए मैचों में भी इसी प्रदर्शन को बरकरार रखना चाहेंगे।

### श्रेयस अय्यर को मिल सकता है सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 2023-24 सीजन के लिए जब सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान किया था तब उस लिस्ट में श्रेयस अय्यर का नाम नहीं था। अय्यर को बोर्ड ने इस बात की सजा दी थी कि उन्होंने घरेलू क्रिकेट को ज्यादा महत्व नहीं दिया था। लेकिन उसके बाद अय्यर ने घरेलू क्रिकेट खेला और वहां अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में अब सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में उनकी वापसी हो सकती है। बीसीसीआई जल्द ही सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर सकता है।




### मोहन बागान फैंस ने मनाया ऐसा जश्न,मालिक पार्थ जिंदल हो गए घायल

**मुंबई,15 अप्रैल 2025।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के फाइनल में मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ एक खतरनाक घटना के बाद बेंगलुरु एफसी ने आधिकारिक तौर पर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) से शिकायत की है। शनिवार को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में आयोजित मैच में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बेंगलुरु एफसी के समर्थकों के स्टैंड में पटाखे फेंके गए। बयान के अनुसार, बेंगलुरु एफसी के एक समर्थक की आंख में चोट लग गई, जिसके लिए तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता थी। घायलों में बेंगलुरु एफसी के मालिक पार्थ जिंदल भी शामिल हैं, जिन्हें इस घटना में जलन और चोटें आईं। जिंदल ने बाद में सोशल मीडिया पर स्थिति को संबोधित करते हुए स्टेडियम में अपर्याप्त सुरक्षा उपायों पर अपनी चिंता व्यक्त की। एआईएफएफ को दिए गए अपने बयान में क्लब ने कहा, यह न केवल लापरवाही का काम था, बल्कि हमारे प्रशंसकों और अधिकारियों की सुरक्षा के लिए सीधा खतरा था। इस तरह की हरकतें न केवल जान को खतरे में डालती हैं, बल्कि हमारे खूबसूरत खेल की भावना के भी खिलाफ हैं। स्टेडियमों को सुरक्षित स्थान होना चाहिए ङ्क अभी और हमेशा। इस तरह की हरकतों का फुटबॉल में या कहीं भी कोई स्थान नहीं है।

# ऋषभ पंत को स्ट्राइक रोटेट करने में बेहतर होने की जरूरत हैः वसीम जाफर

**नई दिल्ली,15 अप्रैल 2025।** ऋषभ पंत ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 49 गेंदों में 63 रन बनाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान को स्ट्राइक रोटेशन में सुधार करने पर भी ध्यान देना चाहिए। जाफर ने पंत की अटकने और फिर बड़े शॉट लगाने की प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुझाव दिया कि पंत को अपने स्ट्राइक रोटेशन कौशल में सुधार करने की जरूरत है, जबकि इस क्षेत्र में कोहली की महारत पर जोर दिया। मुझे नहीं पता कि वह ऐसा करने की कोशिश करता है या नहीं [स्ट्राइक रोटेट करना]; कोहली इसमें माहिर हैं। वह स्ट्राइक से बहुत अच्छी तरह से दूर हो जाता है, क्योंकि वह हर तरफ खेल सकता है। लेकिन पंत कभी-कभी अटक जाता है, और यही समस्या है। फिर वह बड़ा शॉट लगाने की



कोशिश करता है। मुझे लगता है कि उसे स्ट्राइक रोटेट करने में भी बेहतर होने की जरूरत है, ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से वसीम जाफर ने कहा। उन्होंने यह भी बताया कि पंत शायद ही कभी सीधे शॉट लगाते हैं, बल्कि लेग साइड की ओर शॉट खेलना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि पंत ने पारी के अंत में एकमात्र सीधा छक्का लगाया और विकेटकीपर बल्लेबाज की लेग साइड की ओर शॉट लगाने की प्रवृत्ति को उजागर किया। मुझे लगता है कि वह कभी भी सीधे शॉट लगाने की कोशिश नहीं करते, वह हमेशा लेग साइड,स्क्वायर लेग, काउ कॉर्नर की ओर जाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने [सीएसके के खिलाफ] अंत में एक सीधा छक्का लगाया। अन्यथा, पारी की शुरुआत में, वह हमेशा लेग साइड की ओर जाने की कोशिश करते थे, या वह रिवर्स स्कूप जो उन्होंने खेला, लेकिन यही एकमात्र चीज थी।

# प्रियंका चोपड़ा का अगला प्रोजेक्टः विल फेरेल-जैक एफ्रॉन की आगामी कॉमेडी फिल्म

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास निर्देशक निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी फिल्म में हॉलीवुड स्टार विल फेरेल और जैक एफ्रॉन के साथ नजर आएंगी। मनोरंजन समाचार आउटलेट द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, प्रियंका इस प्रोजेक्ट में माइकल पेना के साथ शामिल हुई हैं, जो शूटर, फ्यूरी, एंड ऑफ वॉच, नारकोस~ मैक्सिको और जैक रयान जैसी फिल्मों और शो के स्टार हैं।



फिल्म, जिसका पहले शीर्षक जजमेंट डे था, एक युवा अपराधी (एफ्रॉन) पर केंद्रित है, जो जेल से बाहर निकलता है और एक अनस्क्रिप्टेड टीवी कोर्टरूम को बंधक बना लेता है, क्योंकि उसे यकीन है कि जज (फेरेल) ने एक ऐसा फैसला सुनाया जिसने उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी। कलाकारों में ऑस्कर विजेता रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी शामिल हैं। इसका निर्माण ग्लोरिया सांचेज प्रोडक्शंस और स्टोलर के लिए फेरेल, जेसिका एल्बाम और एलेक्स ब्राउन द्वारा स्टोलर ग्लोबल सॉल्यूशंस के बैनर तले किया गया है। इस प्रोजेक्ट में प्रियंका 2017 की फिल्म बेवॉच में अपने सह-कलाकार एफ्रॉन के साथ फिर से काम कर रही हैं। प्रियंका की आगामी परियोजनाओं में जॉन सीना और इदरीस एल्बा अभिनीत द ब्लफ़ और हेड्स ऑफ़ स्टेट भी शामिल हैं। वह अपनी एक्शन सीरीज़ सिटाडेल के दूसरे सीज़न का भी इंतज़ार कर रही हैं।

# कभी फुटपाथ पर सोता था बी ग्रेड फिल्मों का किंग,खाने तक की थी किल्लत

आज अगर कोई नया एक्टर कोई अवॉर्ड अपने नाम कर लेते है तो वो खुद को फिल्म इंडस्ट्री का भविष्य समझ लेता है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसे एक्टर के बारे में बताएंगे जिसके पास न तो घर था, न पैसे और न ही ढंग के कपड़े, फिर भी उन्होंने अपनी पहली ही फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड जीता और फिर कई शानदार फिल्मों से बड़े-बड़े स्टार्स के स्टारडम को टक्कर दी। आपको जानकर हैरानी होगी कि इतने स्टारडम के बाद भी ये एक्टर भूख से लड़ रहा था। दिलचस्प बात ये है कि जब एक पत्रकार ने इस अभिनेता से इंटरव्यू के लिए पूछा तो एक्टर ने बिना सोचे समझे बस उससे खाना मांगा और कहा- मुझे बिरयानी खिला दो, मैं इंटरव्यू दे दूंगा।

### 1976 में की थी करियर की शुरुआत

हम यहां जिस एक्टर की बात कर रहे हैं, वह कोई और नहीं बल्कि 70 के दशक के बॉलीवुड सुपरस्टार मिथुन चक्रवर्ती हैं। मिथुन चक्रवर्ती का असली नाम गौरांग चक्रवर्ती है और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मृगया से की थी। ये फिल्म 1976 में रिलीज हुई थी। मिथुन चक्रवर्ती इंडस्ट्री के उन सुपरस्टार्स में से एक हैं, जिन्होंने अपनी पहली ही फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अपने नाम कर लिया था। हालांकि, अवॉर्ड जीतने के बावजूद मिथुन के पास एक पैसा भी नहीं था और वह भूखे पेट सोते थे।

### जब स्ट्रगल के दिनों में भूखे पेट सोए मिथुन चक्रवर्ती

डीएनए की एक रिपोर्ट में मिथुन चक्रवर्ती के उस इंटरव्यू का जिक्र किया गया है, जिसमें उन्होंने बताया था कि उन्होंने वो दिन भी देखे हैं, जब उन्हें खाली पेट सोना पड़ता था। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था- मैंने ऐसे दिन भी देखे हैं, जब मुझे कभी-कभी खाली पेट सोना पड़ता था। मैं रोते हुए सो जाता था। ऐसे भी दिन थे, जब मेरे दिमाग में ये ख्याल आते थे कि अगली बार मुझे खाना कब मिलेगा और मैं कहां सोऊंगा। मैं कई दिनों तक फुटपाथ पर भी सोया हूं।

### पिता के स्ट्रगल के बारे में मिमोह ने की थी बात

मिथुन चक्रवर्ती अपने स्ट्रगल के किस्से डांस रियेलिटी शो डांस इंडिया डांस में भी शेयर कर चुके हैं। वहीं उनके बेटे मिमोह चक्रवर्ती भी अपने पिता के स्ट्रगल के बारे में बात कर चुके हैं। मिमोह ने सिद्धार्थ कनन के साथ इंटरव्यू में अपने पिता के उन दिनों के बारे में भी बताया, जब उन्हें बी ग्रेड फिल्मों में काम करना पड़ा था। इस पर उन्होंने कहा था कि उनके पिता ने जो भी किया, अपने परिवार और उनके भविष्य को संवारने के लिए किया था।



### बी ग्रेड फिल्में में किया काम

एक समय था जब मिथुन चक्रवर्ती को 'बी-ग्रेड फिल्मों का बादशाह' कहा जाता था। उनकी फिल्में मेट्रो शहरों में खूब देखी जाती थीं और वही फिल्में बी और सी सेंटर्स में ब्लॉकबस्टर साबित होती थीं। उनकी फिल्मों 'गुंडा', 'जल्लाद' और 'दलाल' को बड़ी फिल्में माना गया। दिलचस्प बात यह है कि मिथुन चक्रवर्ती के उत्तर प्रदेश और भारत के अन्य क्षेत्रों में बहुत बड़े प्रशंसक थे। इसलिए उन्हें 'बी-ग्रेड फिल्मों का बादशाह' का खिताब मिला, क्योंकि उन्होंने बी और सी क्षेत्रों पर अपना दबदबा बनाया, जो उस समय कोई अन्य अभिनेता कभी हासिल नहीं कर सका। हाल ही में मिथुन के बेटे मिमोह ने यूट्यूब चैनल डिजिटल कमेंट्री से बातचीत में अपने पिता के स्ट्रगल, सफलता और असफलता के बारे में बात की। मिमोह ने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब उनके पिता यानी मिथुन चक्रवर्ती एक साथ 18 फिल्मों की शूटिंग कर रहे थे और 6 शिफ्ट में काम करते थे। 1982 में 'डिस्को डांसर' करने के बाद मिथुन चक्रवर्ती की लोकप्रियता आसमान छूने लगी थी।

CMYK

## महत्वपूर्ण खबर

### विष्णुदेव साय ने गुरुवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई




**रायपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** सीएम विष्णु देव साय ने गुरूवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। बैठक दोपहर 12.30बजे से मंत्रालय में होगी। यह नए वित्त वर्ष की पहली बैठक होगी

### अपोलो के यमदूत और प्रबंधन के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल




**बिलासपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के दमोह में फर्जी डॉक्टर के खुलासे के बाद बिलासपुर का अपोलो अस्पताल भी सवालों के घेरे में आ गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि अपोलो प्रबंधन ने फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टर को नियुक्त कर मरीजों की जान से खिलवाड़ किया और इलाज के नाम पर लाखों की उगाही की। इस मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए कांग्रेस ने अपोलो अस्पताल से कलेक्ट्रेट तक 'न्याय मार्च' निकालने का ऐलान किया है।

### रायपुर में 60 लाख की चांदी पुलिस के हाथ लगी



**बाइक सवार हिरासत में**

**रायपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** खमतराई थाना पुलिस ने 56 किलो चांदी जब्त की है। इसकी कीमत करीब 60 लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस के सूत्र बताते है कि ये चांदी युवक दुपहिया वाहन में बोरे में भरकर ले जा रहे थे। संदेह के आधार पर उन्हें जब रोका गया तो पुलिस के होश उड़ गए जब उन्होंने ये देखा कि बोरे के अंदर चांदी भरी हुई है। वजन करने पर पता चला कि ये चांदी 56 किलो 300 ग्राम है. इसे महाराष्ट्र से लाना बताया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है कि इस चांदी की खरीदी के दस्तावेज सही है या नहीं, पुलिस ये भी जांच करने में जुट गई है कि ये किस व्यापारी की चांदी है।

### 3 साल की मासूम से अनाचार,नाबालिग हिरासत में



**रायपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** दिनांक 14.04.25 को थाना पंडरी क्षेत्र में एक 13 वर्षीय विधि के साथ संघर्षरत बालक द्वारा अपने पड़ोस में रहने वाले 03 वर्षीय बच्ची को अपने घर में बुलाकर बच्ची के साथ अश्लील हरकत करते हुये दुष्कर्म किया गया। बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और विधि के साथ संघर्षरत बालक के विरूद्ध थाना पंडरी में अपराध क्रमांक 76/25 धारा 64, 65(2) बी.एन.एस एवं 4 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विधि के साथ संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया है। स्वास्थ्य परीक्षण में बच्ची की शारीरिक स्थिति सामान्य बताई गई है।

# एंटी करप्शन ब्यूरो ने की बड़ी कारवाई

- » रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा अधिकारी को...
- » एसीबी की टीम ने बनाया था प्लान...
- » एक मौके से हुआ फरार...
- » छत्तीसगढ़ में एसीबी की बड़ी कार्रवाई...
- » रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया अधिकारी...
- » 50 हजार रुपये की डिमांड की थी...
- » भनक लगते ही एक अधिकारी भागा...




**रायपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने रिश्वत लेते हुए एक राजस्व निरीक्षक को रंगे हाथों पकड़ा है। हालांकि कार्रवाई के दौरान दूसरा राजस्व निरीक्षक मौके से फरार हो गया। उसे एसीबी की कार्रवाई की भनक लग गई थी लेकिन वह वहां से निकल गया। शिकायतकर्ता ने एसीबी को बताया था कि दोनों अधिकारियों ने जमीन संबंधी कार्यों के लिए 50 हजार रुपये की डिमांड की थी।

दोनों अधिकारियों के पीड़ित रंजीत सिंह से 50 हजार रुपये की डिमांड की थी। जिसके बाद रंजीत ने मामले की शिकायत एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। रंजीत, अंदुल गौरेला गांव का रहने वाला था। उसने अपनी शिकायत में बताया कि राजस्व निरीक्षक संतोष चंद्र सेन और घनश्याम भारद्वाज ने उसके जमीन के बटांकन, सीमांकन और बेदखली के काम के लिए 50 हजार रुपये की डिमांड की थी।

### दोनों अधिकारी पिछले 4 महीनों से काम को लटकाकर रखे थे नहीं कर रहे थे काम

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि दोनों अधिकारी पिछले चार महीने से काम को लटका रहे थे और पैसों की डिमांड कर रहे थे। जिसके बाद उसने एसीबी में शिकायत करने का फैसला किया। शिकायत के बाद एसीबी ने अपने स्तर पर जांच की और फिर मामले की जांच शुरू की। शिकायत में सत्यता मिलने के बाद राजस्व निरीक्षक संतोष चंद्र सेन को एंटी करप्शन ब्यूरो ने ट्रैप किया। प्लानिंग के तहत जैसे ही शिकायतकर्ता ने 50 हजार रुपए दिए। टीम ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। हालांकि कार्रवाई की जानकारी लगते ही दूसरा अधिकारी मौके से फरार हो गया। टीम उसकी तलाश कर रही है।

### इस साल दूसरी बड़ी कार्रवाई

इस साल एंटी करप्शन ब्यूरो की जिले में यह दूसरी कार्रवाई है। इसके पहले जनपद पंचायत गौरेला के लोकपाल को भी एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। टीम ने शिकायतकर्ता को जल्द ही काम पूरा कराने का भरोसा दिया है।

# साय कैबिनेट की अहम बैठक कल

- » नए वित्तीय वर्ष में बड़े फैसलों की उम्मीद...
- » नई औद्योगिक नीतियों और रोजगार सृजन से संबंधित योजनाओं पर भी कैबिनेट की नजर रहेगी।



**रायपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में नए वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत के साथ ही साय सरकार की पहली कैबिनेट बैठक 17 अप्रैल को होने जा रही है। यह बैठक मंत्रालय में दोपहर 12.30 बजे शुरू होगी और इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के साथ अहम फैसलों पर मुहर लगने की संभावना है।

बैठक में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति सहित कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग को चयन समिति की बैठक के लिए 16 अप्रैल की तारीख दी गई है। बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 15 और 16 अप्रैल को दो दिन के जगदलपुर दौरे पर रहेंगे। वहां बस्तर की विकास को लेकर अहम बैठक होने जा रही है। 16 अप्रैल की शाम वे बस्तर से लौटेंगे। सीएम अगले दिन 17 अप्रैल को कैबिनेट की बैठक लेंगे।




### आईएएस रजत कुमार बने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव

#### राज्य प्रशासनिक सेवा के आधा दर्जन अफसरों का भी ट्रांसफर

**रायपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने प्रदेश के दो आईएएस अधिकारियों के विभागों में फेर बदल किया है। जिसमें से रजत कुमार को सामान्य प्रशासन विभाग का सचिव बनाया गया है। वहीं मुकेश कुमार बंसल को सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। इनके साथ ही सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के कई अफसरों के तबादला आदेश जारी किए हैं। जारी सूची के अनुसार विनायक शर्मा को एमसीबी जिले का अपर कलेक्टर बनाया गया है। वहीं ममता यादव बिलासपुर जिले की संयुक्त कलेक्टर बनी हैं। इसी प्रकार माधुरी सोम ठाकुर को कोरबा जिले की संयुक्त कलेक्टर , स्निग्धा तिवारी को जांजगीर चांपप की संयुक्त कलेक्टर, अशोक कुमार मार्बल को सारंगढ़-बिलाईगढ़ की डिप्टी कलेक्टर और गीता रायस्त,उपायुक्त राजस्व-संभागीय आयुक्त ऑफिस बस्तर संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### घर में घुसकर मां-बेटी की बेरहमी से हत्या



**रायगढ़,15अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में डबल मर्डर हुआ है। पुसौर गांव में मां-बेटी की बेरहमी से हत्या कर शव को दफनाया गया है। दोनों के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। डबल मर्डर से इलाके में सनसनी फैल गई। फिलहाल पुलिस ने प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद के चलते दोनों की हत्या मान रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। डबल मर्डर का यह मामला जिले के पुसौर का है। मिली जानकारी अनुसार, रायगढ़ जिले के पुसौर के गायत्री मंदिर इलाके में मां और बेटी की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। मां और बेटी की लाश सुबह खून से सनी हुई हालत में मिली। इस दोहरे हत्याकांड के सामने आते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने थाने में इसकी सूचना दी।

### अनिल टुटेजा का जमानत मंजूर




**रायपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। फैसला सुनाते हुए जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने सख्त नियम और शर्तें रखी हैं लेकिन टुटेजा का फिलहाल जेल से बाहर निकला मुश्किल है, क्योंकि उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू-एसीबी द्वारा दर्ज केस में हाई कोर्ट जमानत याचिका खारिज कर चुका है।

## छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ

### नियमानुसार नाम जुड़वा सकते हैं अधिवक्ता




**बिलासपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** स्टेट बार काउंसिल चुनाव के तहत प्रारंभिक मतदाता सूची जारी किए जाने के बाद अब उसमें नाम जोड़ने, संशोधन और आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी आपत्तियों और दावों का परीक्षण कर अंतिम मतदाता सूची 31 जुलाई को जारी की जाएगी।

हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार चुनाव प्रक्रिया अप्रैल के पहले सप्ताह में अधिसूचना जारी होते ही शुरू कर दी गई थी। चुनाव कार्यक्रम के तहत 7 अप्रैल को प्रारंभिक वोटर लिस्ट सार्वजनिक की गई थी। चुनाव के लिए नामांकन 1 अगस्त से 14 अगस्त तक भरे जा सकेंगे। इसके बाद 16 अगस्त से 23 अगस्त तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 25 से 31 अगस्त तक नाम वापसी की अनुमति दी जाएगी, और 1 सितंबर को प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी। मतदान 30 सितंबर को होगा। चुनाव में भाग लेने के लिए वकील जिला और तहसील न्यायालयों में वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। वे अधिवक्ता जो बार परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डिक्लेरेशन फॉर्म के साथ आवेदन कर चुके हैं,उनके नाम स्वत:सूची में जोड़े जाएंगे। यदि किसी अधिवक्ता का नाम सूची में छूट गया हो तो वे नियमानुसार नाम जुड़वाने का आवेदन कर सकते हैं।



### जगदलपुर में जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर के दफ्तर का शुभारंभ

**जगदलपुर-रायपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर संभाग को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने जगदलपुर में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय का शुभारंभ किया। इस कार्यालय के प्रारंभ होने से बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के विभागीय कामकाज में काफी सुविधा होगी। जल संसाधन से संबंधित निर्माण कार्यों के सर्वेक्षण, डीपीआर निर्माण और तकनीकी स्वीकृति में तेजी आएगी। पहले इन कार्यों की स्वीकृति के लिए रायपुर जाना पड़ता था। अब ये काम संभागीय मुख्यालय बस्तर में ही हो सकेंगे।जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप के विशेष पहल से शुरू हुए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता नवीन कार्यालय में विभिन्न स्तरों पर अधिकारी और कर्मचारी की नियुक्ति के लिए भी बजट में स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में यह कार्यालय जगदलपुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय इंद्रावती परियोजना मंडल भवन के ऊपरी तल में संचालित हो रहा है।

### हाईकोर्ट ने 6 साल से जेल में बंद रेप के आरोपी को किया बरी



**बिलासपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** हाईकोर्ट ने नाबालिग से रेप केस में बड़ा फैसला सुनाया है। करीब 6 साल से जेल में सजा काट रहे दुष्कर्म के आरोपी को हाईकोर्ट ने बाइज्जत बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष यह साबित करने में असफल रहा, कि घटना के वक्त पीड़िता की उम्र 18 वर्ष से कम थी। वहीं सुनवाई के दौरान पीड़िता ने स्वीकार किया कि दोनों के बीट आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बने थे। दोनों पक्षों के दलीलों के सुनने के बाद कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है। साथ ही जेल से तत्काल रिहा करने के निर्देश दिए हैं।

## नशेड़ी ट्रैक्टर चालक ने छह लोगों को कुचला

### 2 की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश



**दुर्ग,15अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में एक बड़ा हादसा हो गया गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है। दरअसल,दुर्ग जिले के जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के ग्राम बेलौदी में एक ट्रैक्टर चालक ने घर के बाहर बैठे 6 लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में 1 बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अस्पताल ले जाते समय 1 महिला ने भी दम तोड़ दिया।

इस हादसे में घायल परिवार के 4 सदस्यों का उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों के अनुसार अगर समय पर सहायता मिलती, तो उनकी जान बचाई जा सकती थी। इस घटना की सूचना के बाद पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई।

जानकारी के अनुसार गर्मी के चलते पीड़ित परिवार की महिलाएं और बच्चे रात में खाना खाने के बाद घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से उतर आई और उन्हें कुचल दिया। इस हादसे 8 वर्षीय बच्ची संतोषी निषाद की मौत हो गई जबकि 55 वर्षीय सरस्वती देशमुख ने अस्पताल ले जाते रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं 4 लोग घायल हो गए. घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत ट्रैक्टर चालक को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक नशे में धुत था, इसके चलते वह वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका।वहीं इस हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने रास्ता जमकर विरोध प्रकट किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस घटना लोग को लेकर अभी भी गांव में तनाव का माहौल है। हालांकि पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हो गया।



### बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में बड़ा खुलासा

#### डीएनए रिपोर्ट में चाचा ही निकला हैवान

**रायपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** मोहन नगर थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में दुर्ग पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडिशनल एसपी सुखनंदन सिंह राठौर ने बताया कि इस जघन्य अपराध के पीछे बच्ची का चाचा सोमेश यादव निकला है, जिसका डीएनए सैंपल पीड़िता के साथ मेल खा गया है।एएसपी राठौर ने बताया कि आरोपी शुरू से ही पुलिस को गुमराह करता रहा। पहले उसने बताया कि वह घटना के समय घर में नहीं था और काम पर गया था, लेकिन जांच में पाया गया कि वह काम पर पहुंचा ही नहीं था। घटना के बाद वह लगातार पुलिस के साथ रहकर जांच को भ्रमित करता रहा। संदेह के आधार पर जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।पुलिस द्वारा आरोपी के कमरे की तलाशी के दौरान कुछ अहम सबूत भी बरामद हुए। साथ ही खुलासा हुआ कि आरोपी ने वारदात के बाद बच्ची की लाश को कार में छिपा दिया था। आरोपी को यह भी पता था कि कार का एक दरवाजा लॉक नहीं होता, जिसका उसने फायदा उठाया।

### भालू के साथ क्रूरता के मामले में हाई कोर्ट ने दायर की जनहित याचिका

#### नीलगाय के शिकार का मामला भी हुआ उजागर



**सुकमा/रायपुर,15अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में पिछले दिनों एक भालू को बंधक बनाकर उसे क्रूरतापूर्वक मारने का वीडियो वायरल होने की खबरों को संज्ञान में लेते हुए हाई कोर्ट ने जहां एक ओर जनहित याचिका दायर की, वहीं दूसरी ओर वन अमले ने काफी मशक्कत के बाद हमलावर दोनों युवकों को गिरफ्तार भी कर लिया है।दरअसल वन्य जीव बोर्ड के पूर्व सदस्य मंसूर खान ने पिछले दिनों मिले एक वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिसमें दो युवक एक भालू को मार रहे हैं और लहू-लूहान भालू बुरी तरह चीख रहा है। इसके बाद खबरों के जरिये यह मामला परवान चढ़ा और वन विभाग ने वीडियो की वास्तविकता का पता लगाना शुरू किया। इधर इस मामले को संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने जनहित याचिका दायर कर दी।इस मामले को वन मंत्री केदार कश्यप ने अक्षम्य अपराध मानते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख छग तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (वाइल्ड लाइफ) को कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)